दैनिक हिन्दी अख़बार

# सच बेधड़क

www.sachbedhadak.com | twitter.com/sachbedhadak | facebook.com/sachbedhadak
YouTube: youtube.com/@sachbedhadak | Instagram: instagram.com/sach_bedhadak

वर्ष: 3 | अंक: 27 जयपुर, शुक्रवार, 05 जनवरी, 2024 | पौष, कृष्ण पक्ष- नवमी, विसं 2080 पृष्ठ: 10 | मूल्य: 2.00

**तीन दिवसीय DG और IG सम्मेलन आज से:** 28 राज्यों और 8 केंद्र शासित प्रदेशों के अफसर सम्मेलन में होंगे शामिल

# मोदी आज आएंगे जयपुर, DG-IG सम्मेलन में करेंगे शिरकत

**बेधड़क** | जयपुर

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 5 जनवरी को जयपुर आएंगे। वे यहां 6 जनवरी को आयोजित डीजी-आईजी कॉन्फ्रेंस में शामिल होंगे। इससे पहले भाजपा के नवनिर्वाचित विधायकों और प्रदेश पदाधिकारियों से भी रू-ब-रू होने का कार्यक्रम हैं। प्रधानमंत्री को पहले 6 जनवरी को आना था, लेकिन ऐन वक्त में कार्यक्रम में बदलाव हुआ। पीएम मोदी अब 5 जनवरी को जयपुर पहुंचेंगे और राजभवन में रात्रि विश्राम करेंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शुक्रवार को शाम साढ़े पांच बजे जयपुर एयरपोर्ट पहुंचेंगे, जहां से सीधे बीजेपी ऑफिस जाएंगे। पीएम के कार्यक्रम को लेकर पार्टी, प्रशासन और राजभवन की ओर से विशेष तैयारियां की गई है। इस संबंध में भाजपा कार्यालय में गुरुवार को पदाधिकारियों की बैठक हुई। इसमें मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सीपी जोशी, भाजपा संगठन महामंत्री चंद्रशेखर सहित पार्टी के पदाधिकारी मौजूद रहे। इस दौरान पदाधिकारियों को पीएम मोदी के कार्यक्रम के संबंध में दिशा-निर्देश भी दिए गए। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने भी मंत्रियों और अफसरों की बैठक लेकर जरूरी निर्देश दिए। इससे पहले बुधवार को राज्यपाल कलराज मिश्र ने भी राजभवन परिसर का अनौपचारिक निरीक्षण कर प्रधानमंत्री की सुरक्षा व्यवस्था और आवश्यक तैयारियों के बारे में जानकारी ली। साथ ही अफसरों को तैयारियों से जुड़े जरूरी निर्देश दिए।

-पेज 2 भी देखें



### अमित शाह और अजीत डोभाल विशेष विमान से आज पहुंचेंगे जयपुर

जयपुर में होने वाले डीजी-आईजी सम्मेलन में गृह मंत्री अमित शाह व सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल भी शामिल होंगे। गृह मंत्री अमित शाह यहां 3 दिन रहेंगे। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह और अजीत डोभाल शुक्रवार दोपहर 1 बजे विशेष विमान से जयपुर एयरपोर्ट पहुंचेंगे, जहां से सीधे राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर जाएंगे। वे 5 से 7 जनवरी तक इस सम्मेलन में हिस्सा लेंगे। अमित शाह और अजीत डोभाल के लिए जयपुर में रुकने के लिए अलग-अलग व्यवस्था की गई हैं। इस सेमिनार में 28 राज्यों के डीजी-आईजी और 8 केंद्र शासित प्रदेशों के आईजी शामिल होंगे। 150 से अधिक अधिकारियों के लिए विधायक क्वार्टरों में इंतजाम किया गया है।

### पहली बार तीन दिन जयपुर में रुकेंगे PM

जयपुर में होने वाले डीजी-आईजी कॉन्फ्रेंस में पहली बार पीएम मोदी तीन दिन तक जयपुर में रुकेंगे। इसको देखते हुए सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं। पीएम 5 जनवरी को वायु सेवा के विमान से 4:35 बजे दिल्ली से रवाना होकर 5:30 पर जयपुर एयरपोर्ट पहुंचेंगे, जहां से सीधे भाजपा कार्यालय जाएंगे। रात्रि विश्राम राजभवन में करेंगे। 6 जनवरी को राजभवन से सुबह सवा आठ बजे रवाना होकर राजस्थान इंटरनेशनल केंद्र पहुंचेंगे, जहां वे कॉन्फ्रेंस में शामिल होंगे। रात्रि विश्राम राजभवन में करेंगे। 7 जनवरी को सुबह 8:25 बजे राज भवन से रवाना होकर डीजी आईजी कॉन्फ्रेंस में जाएंगे। इसके बाद 4:50 पर दिल्ली के लिए रवाना होंगे।

## जरूरी खबर

### करणपुर विस सीट के लिए आज होगा मतदान



**जयपुर।** प्रदेश में करणपुर विधानसभा सीट के लिए शुक्रवार को मतदान होगा। मुख्य निर्वाचन अधिकारी प्रवीण गुप्ता ने बताया कि मतदाता सुबह 7 से शाम 6 बजे तक मतदान कर सकेंगे। इससे पहले गुरुवार को डॉ. भीमराव अंबेडकर राजकीय महाविद्यालय श्रीगंगानगर से मतदान दलों को तृतीय व अंतिम प्रशिक्षण देकर रवाना किया गया। करणपुर विधानसभा क्षेत्र में 249 मतदान केंद्रों में मतदान होगा। इनमें से शहरी क्षेत्र के 37 और ग्रामीण क्षेत्र के 212 मतदान केंद्र है। गत 15 नवंबर को गुरमीत सिंह की मौत से चुनाव प्रक्रिया स्थगित कर दी गई थी।

-पेज 2 भी देखें

### SA पर जीत के बाद इंडिया WTC टेबल में टॉप पर



**केपटाउन।** भारत ने पहला टेस्ट मैच हारने के बाद केपटाउन में जोरदार अंदाज में वापसी करते हुए दो मैचों की टेस्ट सीरीज 1-1 से बराबर कर ली। इस मैच में सिराज ने पहली पारी में 6 विकेट लिए तो वहीं बुमराह ने दूसरी पारी में इतने ही विकेट लेते हुए मेजबान टीम को पूरी तरह से मैच से बाहर कर दिया। साउथ अफ्रीका पर मिली 7 विकेट से जीत के बाद टीम इंडिया ने वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप की अंक तालिका में जबरदस्त छलांग लगाते हुए पहले स्थान हासिल कर लिया जबकि यह टीम पहले मैच में हार के बाद छठे नंबर पर पहुंच गई थी।

### मंत्री बाबूलाल खराड़ी को धमकी देने वाला अरेस्ट

**जयपुर।** प्रदेश सरकार में कैबिनेट मंत्री बाबूलाल खराड़ी को जान से मारने की धमकी मामले में शुक्रवार को पुलिस ने एक आरोपी को हिरासत में ले लिया है। पुलिस युवक से मामले की पूछताछ कर रही है। कैबिनेट मंत्री बाबूलाल खराड़ी बीते दिवस उदयपुर के दौरे थे। इस दौरान कई व्हाट्सएप ग्रुपों में एक युवक द्वारा मैसेज कर खराड़ी को जान से मारने की धमकी दी गई थी।

**सर्दी ऐसी कि सूरज भी दुहाई मांगे...**

# छाई धुंध... विजिबिलिटी कुंद



हवामहल @ धुंध की चादर

फोटो: पंकज शर्मा



**0** डिग्री सेल्सियस रहा माउंट आबू का पारा

**6.4** डिग्री सेल्सियस रहा जयपुर का न्यूनतम तापमान

**25** मीटर से कम रही जयपुर में विजिबिलिटी

**9** डिग्री सेल्सियस नीचे आ गया अधिकांश जिलों का दिन का पारा

## रेल-सड़क और हवाई यातायात प्रभावित

**बेधड़क** | जयपुर

प्रदेश में कड़ाके की ठंड का प्रकोप लगातार जारी है। कोहरे और कोल्ड-डे के कारण शहरों में दिन का अधिकतम तापमान सामान्य से 9 डिग्री सेल्सियस नीचे आ गया। कोहरे के कारण गुरुवार को लगातार तीसरे दिन भी रेल, सड़क और हवाई यातायात प्रभावित हुआ। जयपुर से उदयपुर जाने वाली फ्लाइट को रद्द कर दिया। कम विजिबिलिटी और सर्द हवा के कारण जिलों में ट्रैफिक संचालन प्रभावित रहा।

मौसम विभाग ने 6 जनवरी से कोहरे राहत मिलने की बात कही है। साथ ही 7 से 9 जनवरी तक मावठ होने की संभावना भी जताई है। इधर, राजधानी जयपुर में गुरुवार को न्यूनतम तापमान 6.4 रहा, जो बुधवार के मुकाबले एक डिग्री उछाल पर रहा। शहर में सुबह 11 बजे तक सूरज कोहरे की ओट में छिपा रहा। सर्दी के कारण लोग अलाव तापते नजर आए। दूसरी ओर, माउंट आबू का तापमान एक बार फिर जमाव बिंदु पर पहुंच गया। यहां पेड़-पौधों और घरों के बाहर खड़ी गाड़ियों पर ओस की बूंदें जम गई। इधर, मौसम विज्ञान केंद्र ने कहा कि प्रदेश में घने कोहर से दो-तीन दिन बाद राहत मिलेगी।

@ माउंट आबू



### 7 से मावठ की संभावना

प्रदेश में 7 जनवरी से एक नया पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होगा। इस दिन उदयपुर, कोटा संभाग में कहीं-कहीं हल्की बारिश होने तथा 8-9 जनवरी को जयपुर, अजमेर, कोटा, बीकानेर, भरतपुर संभाग के कुछ भागों में हल्की से मध्यम बारिश होने की संभावना है। वहीं प्रदेश में कोहरे और कोल्ड-डे के कारण शहरों में दिन का अधिकतम तापमान सामान्य से 9 डिग्री सेल्सियस नीचे आ गया। सीकर में अधिकतम तापमान 14 डिग्री सेल्सियस पर रहा, जो सामान्य से 9 डिग्री सेल्सियस नीचे था। बीकानेर में अधिकतम तापमान 15.5, चूरू में 14.1, पिलानी में 14, गंगानगर में 11.8, कोटा में 16.7, अलवर में 14 और जैसलमेर में 18.9 डिग्री सेल्सियस तापमान रहा।

### न्यूनतम पारा

| | |
|---|---|
| जैसलमेर | 5 |
| बीकानेर | 5.2 |
| चूरू | 5.5 |
| जयपुर | 6.4 |
| अजमेर | 6.8 |
| गंगानगर | 7.5 |
| बाड़मेर | 8 |
| जोधपुर | 9.2 |
| कोटा | 10.5 |
| उदयपुर | 10.6 |

### तमाम जिलों में जनजीवन प्रभावित

प्रदेश के बीकानेर, गंगानगर, हनुमानगढ़, चूरू, भरतपुर, करौली, सवाई माधोपुर, धौलपुर, कोटा, बारां, झालावाड़, बूंदी, जयपुर, दौसा, अलवर, सीकर, झुंझुनूं और अजमेर, नागौर, भीलवाड़ा, टोंक में कोहरे का प्रभाव रहा। इसी तरह जोधपुर संभाग के जैसलमेर, फलौदी और उदयपुर संभाग के चित्तौड़गढ़, राजसमंद, उदयपुर एरिया में कोहरे से जनजीवन प्रभावित रहा।

### जयपुर जिले में अब 13 जनवरी तक स्कूलों की छुट्टियां

जिले में पड़ रही कड़ाके की सर्दी को देखते हुए जयपुर में स्कूलों की सर्दियों की छुट्टियों को एक सप्ताह बढ़ा दी गई है। जयपुर जिला कलेक्टर प्रकाश राजपुरोहित ने एक आदेश जारी कर जिले के समस्त राजकीय एवं गैर राजकीय विद्यालयों में कक्षा 1 से 8वीं तक 6 से 13 जनवरी तक अवकाश घोषित किया है। वहीं इससे पहले 25 दिसंबर से 5 जनवरी तक अवकाश था, लेकिन अब इसको बढ़ाकर 13 जनवरी तक कर दिया गया है। उधर, 15 जनवरी को जिला कलेक्टर ने मकर संक्रांति की छुट्टी घोषित कर रखी है। अब जिले के सभी सरकारी और गैर सरकारी स्कूलों में 15 जनवरी तक अवकाश रहेगा। जिला कलेक्टर के पत्र में शिक्षकों एवं अन्य संचालित परीक्षाओं का समय यथावत रखा गया है। आदेशों की अवहेलना करने वाले राजकीय एवं निजी विद्यालयों के खिलाफ नियमानुसार कार्यवाही अमल में लाने को कहा गया है।

**पूर्व मुख्यमंत्री का भाजपा पर हमला**

# राजनीति के लिए नए-नए राम भक्त हो गए पैदा: गहलोत



**बेधड़क** | जयपुर

अयोध्या स्थित राम मंदिर में राम लला की प्राण प्रतिष्ठा 22 जनवरी को होने जा रही है, इसे लेकर बड़े पैमाने पर तैयारियां चल रही हैं। वहीं, रामलला प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम को लेकर नेताओं के बयान भी सामने आ रहे हैं। इसे लेकर गुरुवार को प्रदेश के पूर्व सीएम और वरिष्ठ कांग्रेस नेता अशोक गहलोत का बड़ा बयान सामने आया है। उन्होंने बीजेपी का नाम न लेते हुए प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम को लेकर राजनीति करने का आरोप लगाया है।

अशोक गहलोत ने कहा कि राममंदिर को लेकर बालाकोट की तरह राजनीति हो रही है। गहलोत ने कहा कि राम मंदिर का शिलान्यास राजीव गांधी ने करवाया था, लेकिन राजनीति करने के लिए नए-नए राम भक्त पैदा हो गए हैं। उन्होंने बीजेपी का नाम न लेते हुए निशाना साधा है।

गहलोत ने कहा कि ये लोग धर्म का फायदा उठा रहे हैं। धर्म लोगों की कमजोरी है। गहलोत ने कहा कि देश में खतरनाक खेल चल रहा है।

गहलोत ने किसी पार्टी का नाम लिए बगैर कहा कि वर्तमान में राजनीति की दशा व दिशा दोनों ही उलट है। किस पार्टी से कौन नेता बोलेगा, अब यह भी पहले से तय हो रहा है। धर्म के नाम पर लोगों को बरगलाया जा रहा है। राममंदिर निर्माण को लेकर कुछ नेता गलत माहौल पैदा कर रहे हैं।

### दिग्विजय सिंह ने भी उठाए थे सवाल

कांग्रेस नेता दिग्विजय सिंह ने भी रामलला की मूर्ति को लेकर सवाल किया था। कांग्रेस नेता दिग्विजय सिंह ने कहा था कि जिस राम लला की मूर्ति पर सारा झगड़ा हुआ, वो मूर्ति कहां है? वो मूर्ति स्थापित क्यों नहीं हुई? नई मूर्ति की आवश्यकता क्यों पड़ी? राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा समारोह से जुड़े न्योते के इस सवाल का सीधा जवाब ना देकर उन्होंने कहा कि मुझे भगवान राम के दर्शन के लिए किसी के न्योते की जरूरत नहीं है। भगवान राम हमारे हृदय में हैं।



**जम्मू कश्मीर में कई हमलों में था शामिल**


# 10 लाख का इनामी मोस्ट वांटेड आतंकी जावेद मट्टू अरेस्ट

**एजेंसी** | नई दिल्ली

दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल को गणतंत्र दिवस से पहले बड़ी कामयाबी मिली है। स्पेशल सेल ने जम्मू कश्मीर के मोस्ट वांटेड हिजबुल मुजाहिद्दीन के आतंकी जावेद अहमद मट्टू को गिरफ्तार किया है। उसे निजामुद्दीन के पास डीएनडी से उसे समय पकड़ा गया, जब वह हथियारों की खेप लेने दिल्ली आया था। जम्मू कश्मीर पुलिस ने जावेद पर 10 लाख रुपए का इनाम रखा हुआ था। ये जम्मू कश्मीर में वर्ष 2010-11 से आतंकी वारदात को अंजाम दे रहा था। दिल्ली पुलिस उसे कई महीनों से तलाश कर रही थी। स्पेशल सेल इस बात की जांच कर रही है कि आतंकी दिल्ली किसी वारदात के लिए तो नहीं आया था। जावेद मट्टू ए++ का आतंकी है। इसके भाई रहीस मट्टू ने स्वतंत्रता दिवस पर तिरंगा फहराया था।

स्पेशल सेल के विशेष पुलिस उपायुक्त एचजीएस धालीवाल ने बताया कि एसीपी ललित मोहन नेगी को कुछ दिन पहले सूचना मिली थी कि प्रतिबंधित आतंकवादी संगठन हिजबुल मुजाहिदीन से जुड़ा जम्मू-कश्मीर का एक बड़ा वांछित आतंकवादी हथियार और गोला बारूद की खेप लेने दिल्ली-एनसीआर आएगा। सूचना पर स्लीपर सेल और हथियार सप्लायरों पर नजर रखी गई और खुफिया तंत्र को सक्रिय किया गया और केंद्रीय सुरक्षा एजेंसियों की सहायता ली गई। इसके बाद 4 जनवरी को विशेष सूचना मिली कि हिजबुल मुजाहिदीन का वांछित आतंकवादी ए++ श्रेणी का सोपोर जेएंडके निवासी जावेद अहमद मट्टू अपने सहयोगियों से हथियार और गोला बारूद लेने दिल्ली आएगा। स्पेशल टीम ने घेराबंदी कर निजामुद्दीन के पास डीएनडी से जावेद मट्टू को गिरफ्तार कर लिया। उसके पास से 9 एमएम की एक स्टार पिस्टल, छह कारतूस, एक अतिरिक्त मैगजीन और चोरी की कार बरामद की।



### खूंखार आतंकी है मट्टू

बारामूला के सोपोर के कुशल मट्टू निवासी जावेद अहमद मट्टू उर्फ इरसाद अहमद मल्ला उर्फ एहसान ने कॉलेज में पढ़ाई छोड़ दी थी। ये उत्तरी कश्मीर, विशेषकर सोपोर, जम्मू-कश्मीर के इलाके में सक्रिय हिजबुल मुजाहिदीन के सात खूंखार आतंकवादियों के गिरोह का सरगना है। वह पिछले 13 वर्षों से अपनी पकड़ से बचता रहा है। सुरक्षा बलों के साथ गोलीबारी में घायल होने के बाद वह भूमिगत हो गया था और पाक आईएसआई के निर्देश पर नेपाल भाग गया, क्योंकि जम्मू-कश्मीर पुलिस उसका पीछा कर रही थी। इसके पैर में गोली लगी थी।

### इन आतंकी वारदातों में रहा शामिल

जावेद जम्मू-कश्मीर में 11 ज्ञात आतंकवादी हमलों में वांछित था और उस पर 10 लाख से अधिक का इनाम था। वह जम्मू-कश्मीर में पांच ग्रेनेड हमलों में शामिल रहा है। साथ ही पांच पुलिस कर्मियों की हत्या और कई पुलिस कर्मियों और आम नागरिकों को घायल करने में भी शामिल था। जावेद सोपोर में एक आईईडी विस्फोट में भी शामिल रहा है।

## जरूरी खबर

### प्रदेश को मिला ओडीओपी में कांस्य पुरस्कार



**बेधड़क,जयपुर।** नई दिल्ली के प्रगति मैदान में भारत मंडपम में बुधवार को भारत सरकार के वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय के अधीन कार्यरत उद्योग संवर्द्धन और आंतरिक व्यापार विभाग द्वारा आत्मनिर्भर भारत उत्सव 2024 में राजस्थान को 'एक जिला एक उत्पाद' (ओडीओपी) का कांस्य पुरस्कार मिला है। यह पुरस्कार केंद्रीय विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर और वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने उद्योग एवं वाणिज्य विभाग के आयुक्त सुधीर कुमार शर्मा को दिया। उन्होंने बताया कि राजस्थान से कुल 41 उत्पादों को ओडीओपी श्रेणी में चयनित किया गया है।

### आश्रितों की भर्ती के लिए टंकण परीक्षा 10 को

**बेधड़क, जयपुर।** जयपुर जिले में कार्यरत मृत राज्य कर्मचारियों के आश्रितों की नियुक्ति के लिए ली जाने वाली कंप्यूटर टंकण परीक्षा 10 जनवरी बुधवार को एसजेएम कॉलेज ऑनलाइन एग्जामिनेशन सेंटर, कांवटिया सर्किल के पास शास्त्री नगर जयपुर में होगी। यह परीक्षा दो पारियों में आयोजित की जाएगी। अतिरिक्त जिला कलेक्टर (पूर्व) ने बताया कि परीक्षा के प्रवेश पत्र पंजीकृत डाक से जारी किए जा चुके हैं।

### रोडवेज के रिटायर्ड कार्मिकों ने मांगी RGHS की सुविधा



**बेधड़क, जयपुर।** प्रदेश में रिटायर्ड कर्मचारियों को कैशलेस मेडिकल बीमा देने के लिए शुरू की आरजीएचएस योजना का लाभ अब उन्हें मिलना बंद हो गया। रोडवेज से रिटायर्ड कर्मचारी संगठन ने गुरुवार को को मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा को पत्र लिखकर इस सेवा को पुनः बहाल करने कही मांग की है। आरएसआरटीसी रिटायर्ड एम्पलाईज एसोसिएशन के महासचिव हरगोविंद शर्मा ने बताया कि कांग्रेस सरकार ने रिटायर्ड कर्मचारियों को कैशलेस मेडिकल बीमा सुविधा देने के लिए आरजीएचएस स्कीम शुरू की। इसके लिए एकमुश्त 1.05 लाख रुपए की प्रीमियम राशि भी ली गई, लेकिन अब उन्हें ये सुविधा नहीं मिल रही है।

## करणपुर विधासभा सीट के चुनाव में भाजपा से मंत्री सुरेंद्र पाल सिंह टीटी और कांग्रेस से रूपेंद्र सिंह कुन्नर मैदान में

# BJP, AAP और कांग्रेस में त्रिकोणीय मुकाबला, मतदान आज

**बेधड़क | जयपुर**

श्रीगंगानगर जिले की करणपुर विधानसभा सीट के लिए शुक्रवार को विधानसभा चुनाव भाजपा-कांग्रेस के लिए प्रतिष्ठा का सवाल बना हुआ है। इस सीट पर बीजेपी, आप और कांग्रेस में त्रिकोणीय मुकाबला है।

इस सीट से बीजेपी ने जहां सुरेंद्रपाल सिंह टीटी को अपना प्रत्याशी बनाने के साथ प्रदेश सरकार में मंत्री पद देकर चुनाव अपने पाले में करने की पूरी कोशिश की है। वहीं कांग्रेस सहानुभूति का कार्ड खेलते हुए इस विधानसभा में चुनाव में प्रत्याशी रहे दिवंगत गुरमीत सिंह कुन्नर के बेटे रूपेंद्र सिंह कुन्नर को प्रत्याशी बनाकर चुनाव जितने की पूरी कोशिश में है। इस बीच आप पार्टी ने पिछले चुनाव में निर्दलीय प्रत्याशी रहे पृथ्वीपाल सिंह को अपना उम्मीदवार बनाया है। इसके साथ ही अगर बीजेपी यह चुनाव जीतती है तो विधानसभा में एक सीट बढ़ोतरी के साथ जिले का प्रतिनिधित्व बढ़ जाएगा। वहीं कांग्रेस के खाते में यह सीट गई तो भजन लाल सरकार के एक महीने के कार्यकाल कार्यकाल के असर को कम बताकर इससे लोकसभा चुनाव में फायदा उठाने का प्रयास होगा। करणपुर सीट के चुनाव का परिणाम 8 जनवरी को घोषित किया जाएगा।

### 12 प्रत्याशी चुनाव मैदान में आजमा रहे अपनी किस्मत





करणपुर सीट पर कांग्रेस, भाजपा और आम आदमी पार्टी सहित 12 प्रत्याशी किस्मत आजमा रहे हैं। कांग्रेस और भाजपा के लिए चुनाव प्रतिष्ठा का सवाल है। प्रदेश में भाजपा की सरकार होने के बावजूद पार्टी ने जितना दमखम इस चुनाव में लगाया है, उतना शायद ही किसी चुनाव में लगाया हो। भाजपा प्रत्याशी सुरेन्द्रपाल सिंह टीटी को चुनाव से पहले ही मंत्री बना दिया गया है। भाजपा के इस फैसले को लेकर बहस छिड़ी हुई है। लोकसभा चुनाव से पहले राजस्थान के इस क्षेत्र में कांग्रेस, बीजेपी और आप के लिए एक बड़ी शुरूआत के रुप में माना जा रहा है। इसी चुनाव की वजह कांग्रेस नेता प्रतिपक्ष घोषित नहीं कर पा रही है। वहीं भाजपा ने भी अब तक अपने नए मंत्रियों को विभागों का बंटवारा रोक रखा है। जबकि आप का उम्मीदवार बीजेपी और कांग्रेस के प्रत्याशियों के लिए चुनौती बना हुआ है।

### दो लाख से ज्यादा मतदाता करेंगे मतदान

करणपुर विधानसभा क्षेत्र में शुक्रवार को होने वाले चुनाव में 2 लाख 40 हजार 826 मतदाता वोट डालेंगे। इनमें 1,25,850 पुरुष व 1,14,966 महिला तथा 10 ट्रांसजेंडर मतदाता शामिल हैं। 180 सर्विस वोटर पंजीकृत हैं। चुनाव को शांतिपूर्ण करने के लिए चुनाव आयोग ने 24 सेक्टर ऑफिसर तैनात किए गए हैं जबकि 10 रिजर्व में रखे गए हैं। करणपुर एवं पदमपुर के लिए 2 एरिया मजिस्ट्रेट भी लगाए गए हैं। प्रत्येक मतदान केंद्र पर चार कर्मचारी और एक पुलिसकर्मी की पोलिंग पार्टी रहेगी। वहीं 8 बूथों पर महिला कार्मिक, 8 बूथों पर युवा कार्मिक, 1 बूथ पर दिव्यांग कार्मिक चुनाव ड्यूटी करेंगे। संवेदनशील मतदान केंद्रों पर अतिरिक्त पुलिस जाब्ता तैनात किया गया है। 125 मतदान केन्द्रों पर वेबकास्टिंग की व्यवस्था रहेगी।

### पिछले चुनाव में नोटा के थे 8,500 वोट

साल 2018 के विधानसभा चुनाव में करणपुर सीट पर नोटा को 8500 मत मिले थे। वहीं कांग्रेस के गुरमीत सिंह कुन्नर को 73,896 मत मिले थे। बीजेपी के सुरेंद्रपाल सिंह टीटी को 44,099 मत मिले और निर्दलीय प्रत्याशी रहे पृथ्वीपाल सिंह को 45,520 मत मिले थे। वहीं महेंद्र कुमार निर्दलीय प्रत्याशी चुनाव में उतरे थे, उन्हें 15,782 मत मिले थे।

## DG-IG सम्मेलन में पीएम मोदी और अमित शाह भी करेंगे शिरकत

# आज से तीन दिन होगा देश की आंतरिक सुरक्षा पर मंथन

**बेधड़क | जयपुर**

देश की आंतरिक सुरक्षा को सुदृढ़ बनाने के लिए राजधानी में तीन दिवसीय डीजी-आईजी सम्मेलन का आयोजन शुक्रवार से शुरू होगा। इसमें देश के तमाम राज्यों के पुलिस मुखिया और केंद्र की सुरक्षा एजेंसियों के बीच आंतरिक सुरक्षा को लेकर मंथन किया जाएगा।

डीजी-आईजी सम्मेलन में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह और राष्टीय सुरक्षा सलाहकार अजित डोभाल भी शामिल होंगे। सम्मेलन में आने वाले अतिथियों की सुरक्षा व अन्य व्यवस्थाओं को लेकर प्रशासन ने भी कमर कस ली है। वहीं अतिथियों के स्वागत में पूरे शहर में भव्य सजावट की गई हैं। सरकारी भवनों पर रंगीन लाइटों से सजाया गया है।

हालांकि अतिथियों के आने का सिलसिला बुधवार से ही शुरू हो गया है। ऐसे में सुरक्षा व्यवस्था पूरी तरह से चाक-चौबंद कर दी गई है। झालाना संस्थानिक परिसर को पूरी तरह से सील कर दिया गया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और अमित शाह के जयपुर आने के दौरान उनके रूट पर और उनके वाहनों पर अभय कमांड रूम से नजर रखी जाएगी। ट्रैफिक कंट्रोल रूम अभय कमांड सेंटर और अभय कमांड सेंटर पुलिस मुख्यालय को जानकारी देकर अपडेट करता रहेगा। पीएम मोदी के दौरे को लेकर एसपीजी ने पिछले 10 दिन से यहां डेरा डाल रखा है। एसपीजी ने राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर को अपने कब्जे में ले लिया है। हर मार्ग पर पुलिस का कड़ा पहरा है।




### 100 से ज्यादा गाड़ियों ने की रिहर्सल

कॉन्फ्रेंस में सुरक्षा के लिए शहर पुलिस ने तमाम इंतजाम कर लिए हैं। मोदी और शाह के जयपुर में आने और जाने को लेकर रिहर्सल पूरी कर ली गई है। गुरुवार को 100 से ज्यादा गाड़ियों ने एयरपोर्ट से राजभवन, राजभवन से एयरपोर्ट और एयरपोर्ट से सहकार मार्ग स्थित आरएसईबी के क्वार्टर तक रिहर्सल किया। इस दौरान रास्ते में कई जगहों पर ट्रैफिक भी रोका गया था। शुक्रवार से तीन दिन वीवीआईपी मूवमेंट के कारण कई रास्तों पर ट्रैफिक रोका जाएगा। कार्यक्रम में सभी राज्यों के डीजी-आईजी के साथ ही कई एजेंसियों के प्रमुख भी शामिल होंगे।

### डीजीपी राजस्थान को मिला निमंत्रण

तीन दिन होने वाली डीजी-आईजी कॉन्फ्रेंस में डीजीपी राजस्थान को भी बुलाया गया है। इसके अलावा किसी भी अधिकारी को इस कार्यक्रम में आने के लिए नहीं कहा गया है। गृह विभाग से यह निमंत्रण सभी राज्यों के डीजी के पास गया था। हर राज्य को एक या दो अधिकारी ब्रीफ करेंगे।

### आज शाम तक जयपुर आएंगे PM मोदी

सूत्रों के अनुसार केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह और एनएसए डायरेक्टर अजीत डोभाल शुक्रवार दोपहर 1 बजे विशेष विमान से जयपुर एयरपोर्ट पहुंचेंगे, जहां से वे सीधे राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर जाएंगे। इस दौरान जयपुर एयरपोर्ट से जेएलएन मार्ग पर यातायात रोका जाएगा। अमित शाह और अजीत डोभाल के लिए जयपुर में रुकने के लिए अलग-अलग व्यवस्था की गई है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शुक्रवार को शाम साढ़े पांच बजे जयपुर एयरपोर्ट पहुंचेंगे, जहां से सीधे बीजेपी ऑफिस जाएंगे। इस दौरान भी यातायात रोका जाएगा। कॉन्फ्रेंस के दौरान जयपुर एयरपोर्ट से जेडीए चौराहे तक, जवाहर लाल नेहरू मार्ग, भवानी सिंह रोड, 22 गोदाम सर्किल से राममंदिर, राजभवन तक, 22 गोदाम सर्किल से परिवहन आयुक्त कार्यालय तक, सहकार मार्ग और पोलो सर्किल से विधायक आवास (विधानसभा के पास) तक के रास्ते पर वीवीआईपी मूवमेंट रहेगा। इसके चलते इन रास्तों पर कुछ समय के लिए सुरक्षा कारणों को ध्यान में रखते हुए ट्रैफिक को रोका जाएगा।

### विधायकों के आवास में ठहरेंगे DG-IG

डीजी-आईजी सम्मेलन में शामिल होने आने वाले अधिकारी विधायक आवास में रहेंगे। इसके चलते विधानसभा के सामने एमएलए क्वार्टर और उसके चारों तरफ सुरक्षा बढ़ा दी गई है। यहां पर 125 फ्लैट को बुक किया गया है। इसके अलावा 20 और फ्लैट को रिजर्व में रखा गया है। एक फ्लैट में 4 कमरे हैं। इसके अलावा एक सर्वेंट रूम भी है। कमरों में मेहमानों को किसी भी प्रकार की कोई परेशानी न हो, इसके लिए 30 और 31 दिसंबर को कुछ अधिकारियों को इनमें रुकवाया गया था। इस दौरान जो कमियां मिलीं, उनमें सुधार कर लिया गया है। एमएलए क्वार्टर पर ही एक मिनी कंट्रोल रूम बनाया गया है। यह कंट्रोल रूम अधिकारियों की जानकारी समय-समय पर देता रहेगा।

## सचिवालय में किया पदभार ग्रहण

# कांग्रेस सरकार की गलत नीतियों में किया जाएगा सुधार: राज्यमंत्री बाघमार



**बेधड़क | जयपुर**

भजनलाल सरकार के मंत्रिमंडल के सदस्यों का पदभार ग्रहण करने का सिलसिला जारी है। गुरुवार को सचिवालय में राज्यमंत्री डॉ. मंजू बाघमार ने पदभार ग्रहण कर लिया। इस दौरान मंजू बाघमार के परिजन और समर्थक भी मौजूद रहे। पदभार ग्रहण के दौरान मंजू बाघमार ने कहा कि भाजपा जिस विजन को लेकर जनता के बीच गई थी, उस विजन को अब पूरा किया जाएगा।

डबल इंजन की सरकार जनता को राहत देने का काम करेगी, साथ ही पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार की गलत नीतियों में भी सुधार किया जाएगा। राज्यमंत्री बाघमार ने कहा कि केंद्र की मोदी सरकार की योजनाओं और भारत संकल्प यात्रा पर सभी मंत्रिमंडल के सदस्य और भाजपा के विधायक काम कर रहे हैं। पूर्ववर्ती सरकार में जो योजनाएं चलाई गई थी, उन योजनाओं की खामियों को दूर करने का काम किया जाएगा। साथ ही उन्होंने पूर्ववर्ती सरकार के महात्मा गांधी अंग्रेजी माध्यम स्कूलों की दशा सुधारने को लेकर भी अपनी बात रखी।

उन्होंने कहा कि महिला सुरक्षा, महिलाओं के सर्वांगीण विकास पर काम करना है। विभागों के बंटवारे के सवाल पर मंजू बाघमार ने कहा ये मुख्यमंत्री का अधिकार है, मंत्रिमंडल के सदस्यों को विभागों का बंटवारा किया जाएगा और सभी मंत्री अपना-अपना काम संभालेंगे। पसंदीदा विभाग को लेकर उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री जो भी विभाग देंगे, उसमें पूरी जिम्मेदारी के साथ काम करूंगी। वहीं, मंत्री गजेंन्द्र सिंह खींवसर ने विभाग मिलने तक मंत्री की कुर्सी पर बैठने से इंकार कर दिया है। उन्होंने कहा कि मंत्रीमण्डल का गठन हो गया है। अब मुख्यमंत्री भजनलाल को जल्द ही विभाग भी बांट देने चाहिए, जिससे कि सभी मंत्री आमजन की सेवा में लग जाएं।

### 22 को प्रदेश में दीपावली मनाने का आह्वान



*जयपुर। सिविल लाइंस विधानसभा क्षेत्र की पदमावती-बी कॉलोनी वार्ड नम्बर 52 में विधायक डॉ. गोपाल शर्मा का सम्मान किया गया। स्थानीय लोगों ने उन्हें माला व साफा पहनाकर स्वागत किया। इस दौरान विधायक गोपाल शर्मा ने 22 जनवरी को पूरे प्रदेश में मांस की दुकानें बंद करने का संदेश दिया। साथ ही उन्होंने प्रदेशवासिसयों से 22 जनवरी को अयोध्या में रामलला के प्रतिष्ठापित होने के अवसर पर दीपावली मनाने का आह्वान किया। कार्यक्रम में पार्षद पूनम शर्मा, राजू अग्रवाल, गुलाब लाड़ना, देवंदा परिवार एवं क्षेत्रवासी मौजूद रहे।*

## विकसित भारत संकल्प यात्रा शिविर का किया अवलोकन

# देशभर में पहुंच रही मोदी की गारंटी: जोशी

**बेधड़क | जयपुर**

जिले भाजपा प्रदेशाध्यक्ष सीपी जोशी ने कहा कि मोदी गारंटी वाली गाड़ी देश के कोने कोने में पहुंच रही है। मोदी सरकार की योजनाओं का लाभ बिना किसी भेदभाव के जन जन को मिल रहा है।

जोशी गुरुवार को नगर निगम जयपुर हैरिटेज के शास्त्री नगर स्थित राष्ट्रपति मैदान में आयोजित हुए विकसित भारत संकल्प यात्रा के शिविर के अवलोकन के दौरान यह बात कही। जोशी ने इस अवसर पर लाभार्थियों से संवाद भी किया। उन्होंने कहा कि मोदी देश के प्रत्येक व्यक्ति को एक परिवार का सदस्य मानकर अभिभावक की तरह देखभाल कर रहें है। मोदी ने जो कहा वो करके दिखाया, कैंपो में बडी संख्या में लोग रजिस्ट्रेशन करवा रहे हैं। पहले ऐसे छोटे रोजगार करने वाले लोग जिन्हें बैंक से लोन नहीं मिलता था मोदी सरकार में अब उन्हें भी बिना किसी गारंटी के बैंक से लोन मिलता है जिससे वे अच्छी तरह से अपना व्यापार कर सकें। मोदी सरकार में हर व्यक्ति का बैंक में खाता खुला है, जिससे योजनाओं के लाभ का पैसा सीधे लाभार्थी के खाते में आने लगा और बिचौलियों का खात्मा हुआ। महिलाओं को प्रधानमंत्री आवास योजना में आवास, उज्ज्वला योजना में गैस कनेक्शन, आयुष्मान योजना, जननी सुरक्षा योजना, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना, सुकन्या समृद्धि योजना सहित अनेक योजनाओं का लाभ मिल रहा है, मोदी की हर योजना में महिलाएं हर प्रकार से कहीं ना कहीं अग्रणी होती है। इस अवसर पर जयपुर शहर सांसद रामचरण बोहरा, प्रदेश उपाध्यक्ष श्रवण बगड़ी, मेयर मुनेश गुर्जर, जयपुर शहर अध्यक्ष राघव शर्मा, युवा मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष अंकित चेची, पूर्व विधायक मोहन लाल गुप्ता सहित पार्टी के पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि, कार्यकर्ता एवं आमजनउपस्थितिरहे।



## सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के शासन सचिव ने ली समीक्षा बैठक

# छात्रवृत्ति में हुई अनियमितता की रिकवरी हो, अन्यथा करें कार्रवाई: शर्मा

**बेधड़क | जयपुर**

सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के शासन सचिव डॉ. समित शर्मा ने कहा कि छात्रवृत्ति वितरण में हुई अनियमितता की रिकवरी हो, ऐसा नही होने पर 3 दिन में दोषी के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराएं।

शर्मा ने गुरुवार को शासन सचिवालय स्थित अपने कार्यालय में विभागीय अधिकारियों और जिलाधिकारियों की वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से विभागीय योजनाओं की प्रगति की मासिक समीक्षा बैठक में यह निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार की मंशा के अनुरूप भ्रष्टाचार मुक्त शासन व राजकीय योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करें। उन्होंने राजकार्य में सुशासन व प्रभावी प्रशासन के लिए जिलाधिकारियों को निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि राजकीय सेवा का उद्देश्य आमजन के जीवन में परिवर्तन लाना है। उन्होंने लोक सेवा में अनुशासन और समय की पाबंदी का महत्व रेखांकित करते हुए नियमित रूप से समय पर कार्यालय आने संबंधी विभिन्न निर्देश दिए। शर्मा ने छात्रवृत्ति और मुख्यमंत्री अनुप्रति योजना के लिए लिस्टेड संस्थानों के औचक निरीक्षण के निर्देश दिए। उल्लेखनीय है कि पिछले दिनों राज्य सरकार की मंशा के अनुरूप पारदर्शी शासन व्यवस्था के तहत कार्रवाई करते हुए सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग ने 9 निजी विश्वविद्यालय, 37 निजी कॉलेज एवं 265 आईटीआई को गंभीर अनियमितताओं में संलिप्त पाए जाने के फल स्वरुप ब्लैक लिस्ट कर दिया है।

डॉ. समित शर्मा ने छात्रवृत्ति योजनाओं में फ्रॉड के प्रकरणों में जिन जिलाधिकारियों एवं वेरीफाईर द्वारा लापरवाही बरती गई है, उनके खिलाफ नोटिस जारी करने के निर्देश प्रदान किए।

### वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से विभागीय योजनाओं की प्रगति को लेकर चर्चा



### सीसीटीवी कैमरे लगवाने के निर्देश

सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के शासन सचिव डॉ. शर्मा ने छात्रावासों एवं आवासीय विद्यालयों में सीसीटीवी कैमरे लगवाने के भी अधिकारियों को निर्देश दिए। उन्होंने विभाग की ओर से संचालित समस्त आवासीय विद्यालयों और छात्रावासों के स्टडी रूम और मैस कक्ष में 26 जनवरी तक सीसीटीवी कैमरे लगवाने के निर्देश दिए हैं।

### समयबद्ध रूप से कराएं भौतिक सत्यापन

डॉ. शर्मा ने सभी जिलाधिकारियों को सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजनाओं, पालनहार योजना, मुख्यमंत्री कोरोना सहायता योजना आदि योजना में लाभार्थी का वार्षिक भौतिक सत्यापन समयबद्ध रूप से करवाने के लिए निर्देशित किया, ताकि उन्हें समय पर योजना का लाभ मिल सकें। शासन सचिव ने विभिन्न योजनाओं में लंबित प्रकरणों को शीघ्र से शीघ्र निस्तारित करने के निर्देश दिए। उन्होंने वीसी में अनुपस्थित कार्मिकों को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए।

### ये अधिकारी रहे मौजूद

वीडियो कांफ्रेस में निदेशक जगजीत सिंह मोगा, कमिश्नर विशेष योग्यजन एच गुईटे, एमडी अनुजा निगम, राजेश वर्मा सहित विभिन्न योजना प्रभारी उपस्थित रहे। वहीं समस्त जिलास्तरीय अधिकारी, ब्लॉक सामाजिक सुरक्षा अधिकारी एवं छात्रावास अधीक्षक वीसी के माध्यम से शामिल हुए।

## जरूरी खबर

### सेन्ट्रल पार्क से शुरू हुआ स्वच्छता अभियान



**जयपुर।** स्वच्छ भारत अभियान के अंतर्गत सांगानेर विधान सभा क्षेत्र के वार्ड 83 में सफाई अभियान चलाया गया। दादू दयाल नगर के सेन्ट्रल पार्क से अभियान की शुरुआत की गई। वार्ड संयोजक जीतू बना, प्रदेश मीडिया से मुकेश भारद्वाज, प्रदेश संयोजक साहित्य कमलेश टॉक, शहर मंत्री जया गौड़, युवा मोर्चा से विजय मीणा, कालू मीणा, राजेंद्र बेनीवाल, डॉ. महेंद्र सोलेट, सिद्धार्थ तोंदवाल, गोविंद मीणा, राजेश सिंघल आदि कार्यकर्ताओं ने पार्क में सफाई की। इस दौरान स्थानीय और पार्क में आने वाले लोगों को साफ-सफाई का महत्व समझाया गया।

### सिंधीकैंप बस स्टैंड पर युवक को बस ने रौंदा... मौत



**जयपुर।** सिंधी कैंप बस स्टैंड पर बस द्वारा कुचल देने से एक युवक की मौत हो गई। बस स्टैंड के प्लेटफॉर्म नंबर-3 पर युवक का शव पड़ा हुआ मिला। दुर्घटना थाना पुलिस ने शव को एसएमएस अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया है। मृतक की पहचान नहीं हो पाई है। दुर्घटना थाना पुलिस पश्चिम ने बताया कि मृतक की पहचान के प्रयास किए, लेकिन शिनाख्त नहीं हो सकी। मौका-मुआयना कर शव को पोस्टमॉर्टम के लिए SMS हॉस्पिटल की मोर्चरी भिजवाया गया। पुलिस ने बताया कि मृतक की उम्र करीब 25 साल है। उसकी पहचान के प्रयास किए जा रहे हैं। प्रथम दृष्टया जांच में सामने आया है कि किसी बस की चपेट में आने से उसकी मौत हुई है। बस उसे रौंदते हुए निकल गई।

सच बेधड़क
दैनिक हिन्दी अख़बार
आपके दिल की बात अब आपके अखबार के माध्यम से...
अख़बार में प्रकाशन के लिए ख़बर, विज्ञप्ति, कार्यक्रम की सूचना आलेख एवं अपनी मौलिक रचनाएं
news@sachbedhadak.com
पर E- Mail करें।

**‘श्रीराम मंदिर अयोध्या’ की प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष्य में आयोजित होगा ‘श्रीमद् भागवत रस वर्षण महोत्सव’**

# सच बेधड़क ग्रुप के चेयरमैन विनायक शर्मा ने किया पोस्टर लॉन्च

■ प्रतापेश्वर महादेव मंदिर में 7 जनवरी को कलश यात्रा के साथ शुरू होगा महोत्सव



**बेधड़क** | जयपुर

राजधानी के प्रताप नगर स्थित प्रतापेश्वर महादेव मंदिर में श्रीराम मंदिर अध्योध्या की प्राण प्रतिष्ठा की मंगल कामना में ‘श्रीमद् भागवत रस वर्षण महोत्सव’ मनाया जाएगा। ‘सच बेधड़क’ मीडिया ग्रुप के फाउंडर एंड एडिटर-इन-चीफ विनायक शर्मा, विष्णुशरण महाराज व अन्य अतिथियों ने गुरुवार को इस महोत्सव के पोस्टर को लॉन्च किया। आयोजक सनातन धर्मावलंबी संस्था की ओर से बताया गया कि इस महोत्सव के तहत 7 से 13 जनवरी तक दोपहर 12 से शाम 4 बजे तक जागृति मार्ग स्थित प्रतापेश्वर महादेव मंदिर में श्रीधाम वृंदावन के विष्णुशरण महाराज भागवत कथा से भक्तों को भगवद् रसपान कराएंगे।

महोत्सव का शुभारंभ 7 जनवरी को भव्य कलश यात्रा के साथ होगा। कलश यात्रा सुबह 9 बजे से श्रीपिंजरापोल गोशाला से गाजे-बाजे के साथ कथा स्थल तक पहुंचेगी।

**कमिश्नर की जनसुनवाई: थानों की कार्यप्रणाली पर उठे सवाल, लगे आरोप...**

# पुलिस मिली है भू-माफियाओं से करती है प्रताड़ित, FIR नहीं लिखती

- तत्कालीन और मौजूदा SHO समेत पुलिसकर्मियों की भी मिली शिकायत
- 200 से ज्यादा पीड़ितों को सुना, SHO को दिए तत्काल कार्रवाई के आदेश
- मुहाना, मानसरोवर व शिप्रापथ थाने के सामने आए सबसे ज्यादा मामले

**बेधड़क** | जयपुर

जयपुर पुलिस कमिश्नरेट में लोगों की पीड़ा को सुनने के लिए शुरू की गई जनसुनवाई में लोगों ने पुलिस थानों की कार्यप्रणाली की पोल खोलकर रख दी। पुलिसकर्मियों व थाना प्रभारियों पर लोगों ने पुलिस कमिश्नर बीजू जॉर्ज जोसफ के सामने गंभीर आरोप लगाए। खास बात यह रही कि पुलिस द्वारा आरोपों की जांच के बजाए उचित कार्रवाई करने के निर्देश देकर खानापूर्ति कर ली।

दरअसल कमिश्नरेट में पहली बार कमिश्नर बीजू जॉर्ज जोसफ ने थाने पर पहुंचकर जनसुनवाई गुरुवार को शिप्रापथ थाने से शुरू की है। शुरुआत साउथ जिले के सभी थानों से की गई। जनसुनवाई में 200 ज्यादा परिवादी पहुंचे और अपनी पीड़ा सुनाई। समस्याएं सुनने के बाद कमिश्नर जोसेफ ने वहां पर मौजूद थाना प्रभारियों को उचित कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। पुलिस पर पीड़ितों ने भू-माफियाओं से मिलीभगत करने, प्रताड़ित करने और दर्ज मुकदमों में पक्षपात करने, वसूली करने, जमीनों पर कब्जे कराने और माफियाओं को संरक्षण देने समेत कई गंभीर आरोप लगाए हैं। जनसुनवाई में सबसे ज्यादा मामले में मुहाना, मानसरोवर व शिप्रापथ थाने के सामने आए। इन तीनों थानों में पुलिस से सबसे ज्यादा प्रताड़ित लोग रहते हैं।



फोटो: राजेश कुमावत



### 20 दिन बाद भी पुलिस ने नहीं की एफआईआर दर्ज

महेश नगर इलाके में रहने वाले 18 वर्षीय आर्यन अपने पिता के साथ जनसुनवाई में पुलिस कमिश्नर बीजू जॉर्ज जोसफ के सामने पेश हुआ। आर्यन ने आरोप लगाया कि घर के सामने से गाड़ी हटाने के लिए टोकने पर वार्ड 51 के पार्षद राहुल शर्मा ने 17 दिसंबर को उसके और मां के साथ में मारपीट की। इससे वह और उनकी मां घायल हो गए। शिकायत को लेकर महेश नगर थाने भी पहुंचे, लेकिन पुलिस ने इस संबंध में कोई एफआईआर दर्ज नहीं की। महेश नगर एसएचओ ने धमकाकर थाने से बाहर निकाल दिया और कहा- तुम्हारे छोटे-छोटे झगड़ों के लिए ही बैठे हैं क्या। इस पर पुलिस कमिश्नर ने कहा- आप अपने घर चले जाएं पुलिस आने वाले 12 घंटे में आपके केस में एफआईआर दर्ज करेगी। आरोपी की गिरफ्तारी भी होगी।

### कार में टायर-ट्यूब नहीं डाले तो राजकार्य में बाधा का मुकदमा

मुहाना इलाके में रहने वाला राजेश ने एडिशनल पुलिस कमिश्नर कैलाश बिश्नोई के सामने पीड़ा सुनाई। राजेश ने कहा-उसकी मुहाना मंडी रोड पर कमल टायर के नाम से दुकान है। कुछ दिनों पहले दुकान पर गोरव जुनेजा नाम का व्यक्ति आया और कार में टायर-ट्यूब डलवा लिए। पैसे मांगे तो उसने मुहाना थाने के पुलिसकर्मी कैलाश चंद मीणा से फोन पर बात कराई। मैंने टायर डालने के लिए मना कर दिया। कैलाश मीणा पहले भी कई दफा टायर डलवा चुके हैं और पेमेंट नहीं करते। कुछ देर बाद मीणा ने दुकान पर चेतक भेज दी और मुझे पकड़कर थाने ले आए, जहां पर मेरे साथ मारपीट कर दी और राजकार्य में बाधा का मुकदमा डाल दिया। फरियाद सुनने के बाद बिश्नोई ने एसएचओ गोतम डोटासरा को फटकार लगाई और उचित कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

### सिर में गंभीर चोट के बावजूद बनाया आरोपी

मुहाना इलाके में रहने वाले दीनदयाल का आरोप है कि उसके भाइयों पर अवैध शराब का कारोबार करने वाले माफियाओं ने हमला कर दिया था। सिर पर गंभीर चोटे आई थी और एक का पैर तोड़ दिया था। मुहाना थाना पुलिस ने हमारा मुकदमा दर्ज कर लिया, लेकिन शराब माफिया के दबाव में सामने वाली पार्टी से भी एफआईआर लेकर एसटी-एससी में मुकदमा दर्ज कर लिया। अब पुलिस आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई करने के बजाए गिरफ्तारी की धमकी देकर प्रताड़ित कर रही है। फरियाद सुनने के बाद मौजूद पुलिस अधिकारियों ने एसीपी को पक्ष सुनकर मामले की जांच करने के आदेश दिए हैं।

**ग्रेटर निगम में रामोत्सव अभियान**

## मंत्री और मेयर ने की पार्कों की सफाई



**बेधड़क** | जयपुर

नगर निगम ग्रेटर की ओर से चलाए जा रहे रामोत्सव अभियान के तहत गुरुवार को पार्कों में विशेष सफाई अभियान शुरू किया गया। इस दौरान मंत्री राज्यवर्धन सिंह राठौड़ और महापौर सौम्या गुर्जर ने वैशाली नगर में पार्कों की सफाई कर अभियान की शुरूआत की। इस दौरान मंत्री राठौड़ और महापौर सौम्या गुर्जर ने वार्ड 64 स्थित रोज गार्डन में झाड़ू लगाई और तगारियों में कचरा उठाकर उसे ट्रैक्टर-ट्रॉली में डाला।

वहीं, सफाई अभियान में कैबिनेट मंत्री के साथ कार्यकर्ता और नगर निगम के कर्मचारी और आमजन लोगों ने सफाई की। लोगों ने पार्क के कौने-कौने में उगी झाड़ियां-कंटीले पौधे और पार्क में पड़ी पेड़ों की पत्तियों-टहनियों को हटाया और झाड़ू लगाकर पार्क को साफ किया। इस दौरान जमा हुए कचरे को खुद मंत्री और महापौर ने तगारी में भरकर ट्रैक्टर-ट्रॉली में डाला। मंत्री राज्यवर्धन सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भगवान रामलला की प्राण प्रतिष्ठा से पहले देशभर में विशेष स्वच्छता अभियान शुरू कराया है।

उसमें न केवल हम, बल्कि देश की जनता भी सहभागिता दे रही है। महापौर सौम्या गुर्जर ने कहा कि 22 जनवरी को अयोध्या में रामलला के प्राण प्रतिष्ठा के शुभ अवसर पर जयपुर में दीपोत्सव मनाया जाएगा। इससे पहले हम विशेष सफाई अभियान चलाकर जयपुर शहर को साफ-सुथरा करने में जुटे हैं। उन्होंने बताया कि इस स्वच्छता अभियान में केवल नगर निगम ही नहीं बल्कि आमजन, सामाजिक संस्थाओं, व्यापार मंडलों और धर्मगुरुओं का भी सहयोग ले रहे हैं।

**सहायक आचार्य भर्ती परीक्षा 7 को**

## परीक्षार्थियों के साथ ही प्रशासन की भी ‘परीक्षा’

**बेधड़क** | जयपुर

प्रदेश में नई सरकार के गठन के बाद पहली बार कॉलेज सहायक आचार्य, पुस्तकालयाध्यक्ष एवं शारीरिक प्रशिक्षण अनुदेशक की बड़ी भर्ती परीक्षा 7 जनवरी को होने जा रही है।

शहर में 180 परीक्षा केन्द्रों पर दोपहर 12 से दोपहर 2 बजे तक यह परीक्षा होगी। पिछली सरकार में पेपर लीक माफियाओं के माहौल के बाद इस बार शासन-प्रशासन बेहद चौकस है। इसको लेकर जयपुर जिला कलेक्ट्रेट में कमरा नंबर 116 में नियंत्रण कक्ष स्थापित किया गया है, जो 5 और 6 जनवरी को सुबह 10 से शाम 5 बजे तक एवं 7 जनवरी को सुबह 7 बजे से परीक्षा समाप्ति के बाद तक कार्य करेगा। परीक्षा नियंत्रण कक्ष का नम्बर 0141-2206699 रहेगा। इसके अलावा परीक्षार्थियों को रोडवेज की साधारण एवं एक्सप्रेस बसों मे निशुल्क यात्रा की सुविधा मिलेगी। इसके लिए गुरुवार को राजस्थान रोडवेज के प्रबंध निदेशक नथमल डिडेल ने आवश्यक दिशा निर्देश जारी किए है। परीक्षार्थी प्रवेश पत्र के साथ फोटो युक्त आईडी दिखाकर परीक्षा के एक दिन पहले एवं एक दिन बाद तक निशुल्क यात्रा कर सकेंगे।

**एसएमएस अस्पताल में 28वां अंगदान**

# मरने के बाद भी तीन लोगों को जिंदगी दे गया धौलपुर का अजीतपाल

**बेधड़क** | जयपुर

प्रदेश में अंगदान के प्रति धीरे-धीरे लोग जागरूक हो रहे हैं। मरीज की मौत के बाद परिजन किसी जरूरतमंद को अंगदान के लिए सौंपकर मिसाल बन रहे हैं। इसी कड़ी में एसएमएस अस्पताल में शुक्रवार को प्रदेश का 55वां और यहां का 28 वां अंगदान हुआ। इसमें ब्रेन डेड घोषित धौलपुर के युवक अजीतपाल ने मरकर भी तीन लोगों को जिंदगी दी है।

दरअसल 24 दिसंबर की शाम को अजीत बाइक से राजाखेड़ा नाहिला धौलपुर में रिश्तेदार से मिलकर घर लौट रहा था, इसी दौरान हुए हादसे में अजीत गंभीर घायल हो गया था। इस दौरान ब्रेनडेड होने के बाद उसके परिजनों ने उसके अंग दान करने पर सहमति दी। इसके बाद मृतक युवक की एक किडनी एसएमएस में ही एक मरीज को लगाई गई। दूसरी किडनी और लिवर जयपुर में ही संतोकबा दुर्लभजी मेमोरियल हॉस्पिटल में भर्ती एक अन्य मरीज को लगाई गई। दिल का रिसीवर राजस्थान में नहीं होने के कारण वो डोनेट नहीं किया जा सका।





### समझाइश के बाद परिजन हुए सहमत

एसएमएस अस्पताल के नोडल ऑफिसर ऑर्गन ट्रांसप्लांट डॉ देवेंद्र पुरोहित ने बताया कि 24 दिसम्बर की शाम सड़क दुर्घटना में घायल हुए अजीत को 25 दिसंबर को आगरा के रेनबो अस्पताल से सवाई मानसिंह हॉस्पिटल जयपुर रैफर किया गया था। यहां पर उन्हें ब्रेन डेड घोषित कर दिया। डॉ. पुरोहित ने बताया कि डॉक्टरों और ट्रांसप्लांट कोर्डिनेटर्स की समझाइश के बाद अजीत पाल की मां चंद्रवती, पत्नी सुमन और अन्य रिश्तेदारों ने अंगदान की सहमति दी।

### मल्टी ऑर्गन ट्रांसप्लांट का दूसरा केस

डॉ. पुरोहित के अनुसार स्टेट ऑर्गन एंड टिश्यू ट्रांसप्लांट आर्गेनाइजेशन राजस्थान की ओर से अंगों का आवंटन किया गया। उन्होंने बताया कि यह दूसरा केस है, जब एक ही मरीज को मल्टी ऑर्गन ट्रांसप्लांट किया गया है। इससे पहले सीतापुरा स्थित महात्मा गांधी में एक मरीज को एक साथ दो अंग प्रत्यारोपित किए गए थे।

## जरूरी खबर

### वनस्थली की तीन छात्राएं खेलेंगी नेशनल क्रिकेट



**निवाई।** 67वीं राष्ट्रीय अंडर-19 एसजीएफआई महिला क्रिकेट प्रतियोगिता जो की 11 से 14 जनवरी तक अहमदाबाद में आयोजित की जाएगी के लिए वनस्थली विद्यापीठ की तीन छात्राओं का चयन हुआ है। इसमें संजना सोनी, काम्या गौर और सुहानी कुमारी शामिल है। विद्यापीठ में चल रहे राष्ट्रीय प्रतियोगिता के पूर्व प्रशिक्षण में राजस्थान की टीम का चयन किया गया। मुख्य चयन कर्ता माया जाट रहीं। टीम में चयन पर विद्यापीठ की कुलपति प्रो. इना आदित्य शास्त्री, डॉ. अंशुमन शास्त्री, मुकुंद मोहन दीक्षित एवं कोच डॉ. उर्वेश शर्मा ने छात्राओं उज्वल भविष्य की कामना की।

### भाजपा नेता के भाई की धमकी से वकीलों में आक्रोश

**अजमेर।** जिले के पुष्कर न्यायालय में वकीलों को धमकी देने का मामला सामने आया है। भाजपा नेता और पीह सरपंच अमरचंद जाजड़ा के भाई देवकरण जाजड़ा ने वकीलों को धमकी देने का वीडियो भी वायरल हो रहा है। इसमें जाजड़ा ने वकीलों को कहा कि 'कोर्ट में आना भूला दूंगा।' इसको लेकर वकीलों में आक्रोश व्याप्त है। उन्होंने न्यायिक कार्य का बहिष्कार कर आरोपी के खिलाफ पुष्कर थाने में केस दर्ज कराया है। बार एसोसिएशन के अध्यक्ष लक्ष्मी नारायण ने बताया कि पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन सौंपकर न्यायालय की सुरक्षा व्यवस्था बढ़ाए जाने की मांग की गई है।

### दूसरे की जगह परीक्षा देने वाला आरोपी गिरफ्तार



**अजमेर।** आरपीएससी की स्कूल व्याख्याता प्रतियोगी परीक्षा 2022 की राजनीति विज्ञान की परीक्षा में अभ्यर्थी की जगह परीक्षा देने वाले एक स्कूल व्याख्याता को एसओजी ने गिरफ्तार किया है। आरोपी जालोर का रहने वाला है और जसवंतपुरा सावीधर के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में व्याख्याता के पद पर कार्यरत है। काउंसलिंग के दौरान लाखाराम नाम के अभ्यर्थी के आवेदन पत्र और परीक्षा केंद्र के उपस्थिति पत्रक में फोटो और हस्ताक्षर अलग-अलग पाए गए। तब जाकर इसका राज खुला। पुलिस मुख्य आरोपी और मध्यस्थता कराने वाले युवक को पूर्व में गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है।

**डेक्कन-ओडिसी रेलगाड़ी में आए 33 यात्री राजस्थानी परंपरानुसार स्वागत पाकर हुए अभिभूत**

# कोरोना के बाद पहली बार जैसलमेर पहुंची शाही ब्लू ट्रेन

**बेधड़क** | जैसलमेर

कोरोना काल के समय बंद की गई ट्रेने लंबे अर्से बाद अब फिर से शुरू हो रही हैं। इसी कड़ी में देश की ब्लू ट्रेन के रूप में पहचानी जाने वाली शाही डेक्कन-ओडिसी रेलगाड़ी गुरुवार को जैसलमेर पहुंची।

कोरोना काल के बाद यह शाही ट्रेन पहली बार जैसलमेर पहुंची। इसमें 33 देसी-विदेशी यात्री जैसलमेर पहुंचे। जैसलमेर रेलवे स्टेशन पर शाही ट्रेन और सभी यात्रियों का राजस्थानी परंपरा के साथ स्वागत किया गया। राजस्थानी स्वागत-सत्कार को देखकर विदेशी



सैलानी अभिभूत हो उठे। यात्रियों को तिलक लगाकर माला पहनाई गई। जिले के तीन गाइडों ने सभी यात्रियों को जैसलमेर का भ्रमण करवाया। टूरिस्ट गाइड गजेंद्र शंकर शर्मा ने बताया कि जैसलमेर पर्यटन के लिए ये बड़ी खुशी कि बात है कि डेक्कन-ओडिसी ट्रेन को कोरोना के बाद फिर से शुरू किया गया है।

गुरुवार को यह ट्रेन कोरोना के बाद पहली बार जैसलमेर आई है। सभी यात्रियों ने जैसलमेर का भ्रमण किया। पर्यटकों ने जैसलमेर की यात्रा को यादगार बताया। सम के रेतीले टीलों पर कैमल राइडिंग, राजस्थानी डांस और डिनर का आनंद लेकर ये ट्रेन आगे के सफर के लिए रवाना हो जाएगी।

### अमेरिकन कंपनी करती है ट्रेन का संचालन

इस ट्रेन का संचालन महाराष्ट्र टूरिस्म डेव्लपमेंट कोरपोरेशन की ओर से एक अमेरिकन कंपनी एबीक्स कैश ट्रेवल्स द्वारा करवाया जा रहा है। ये ट्रेन शनिवार से शनिवार सात दिन चलती है। दिल्ली से रवाना होकर आगरा, सवाई माधोपुर, उदयपुर, जोधपुर, जैसलमेर और जयपुर के लिए चलती है। ट्रेन में पर्यटकों के लिए राजसी सुविधाएं उपलब्ध कराई जाती है। विदेशी पर्यटकों को शाही अहसास कराने के लिए ट्रेन में सभी तरह की सुविधाएं मौजूद हैं। शाही ट्रेन में सफर करने का 1 व्यक्ति का किराया 10 से 15 लाख रुपए हैं।

### ट्रेन के 21 कोच में अलग-अलग सुविधा

ट्रेन के जीएम सिमरपाल सिंह ने बताया कि ट्रेन यात्रा पसंद करने वालों के लिए इस शाही रेल का सफर जीवन का अलग ही अनुभव देता है। इस ट्रेन में 21 लग्जरी कोच हैं, जिनमें से 11 लग्जरी का इस्तेमाल आवास के रूप में किया जाता है और बचे कोच का उपयोग लाउंज स्पा, फूड्स, कार्यक्रम और अन्य चीजों के लिए किया जाता है। ट्रेन में लग्जरी सुविधाओं के अलावा, यात्रियों को यहां इंटरनेट, एसी, स्पा, अच्छी गुणवत्ता का भोजन और बार के साथ काफी कुछ शाही सुविधाएं उपलब्ध कराई जाती है।




**अपराधियों पर नकेल: 2 तस्करों को दबोचा, 25 गोवंश मुक्त कराए**

# गोतस्करों-पुलिस में फायरिंग पीछाकर बदमाशों को दबोचा

**बेधड़क** | भरतपुर

जिले में गोतस्करों की कारगुजारियां थमने का नाम नहीं ले रही हैं। गोतस्कर बेखोफ होकर गोवंश की तस्करी को अंजाम दे रहे हैं। इसके लिए वे पुलिस से टकराने में भी पीछ नहीं है। बुधवार रात को भरतपुर जिले में ऐसा ही मामला सामने आया।

यहां गोतस्करों का पुलिस से आमना-सामना हो गया। तस्करों ने पुलिस टीम पर ताबड़तोड़ फायरिंग करते हुए भागने का प्रयास किया। हालांकि वे इसमें सफल नहीं हुए। कंटेनर का टायर फटने से पुलिस टीम ने घेराबंदी करते हुए गोतस्करों को दबोच लिया।

जानकारी के अनुसार डीग जिले के नगर थाना इलाके में गो तस्करों ने पुलिस पर फायरिंग कर दी। गौ तस्कर गोवंश लेकर हरियाणा की तरफ जा रहे थे।

जैसे ही पुलिस ने आरोपियों का पीछा किया तो, गो तस्कर पुलिस पर फायरिंग करने लगे। गनीमत यह रही कि किसी पुलिसकर्मी को चोट नहीं आई। पुलिस ने पीछा कर 2 गो तस्करों को गिरफ्तार कर लिया। साथ ही गोवंश से भरे कंटेनर को जब्त कर करीब 25 गोवंश को मुक्त कराया।

### नाकाबंदी में रोकने का इशारा करने पर दौड़ाया वाहन




### मुखबिर से सूचना मिलने पर की नाकाबंदी

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार घटना देर रात की है। डीएसटी टीम के प्रभारी सुल्तान सिंह ने बताया कि कई दिनों से गो तस्कर नगर से होकर गोवंश लेकर जा रहे थे। देर रात गो तस्करों के बारे में मुखबिर से सूचना मिली थी। इसके बाद डीएसटी टीम ने गो तस्करों को पकड़ने के लिए नाकाबंदी की। कुछ देर बाद एक कंटेनर पहाड़ी की तरफ जाता दिखाई दिया। जैसे ही उसे रुकने का इशारा किया तो कंटेनर चालक ने रास्ता बदल लिया और अलवर की तरफ निकल गया। डीएसटी टीम ने कंटेनर का पीछा किया। इस पर कंटेनर में बैठे बदमाशों ने पुलिस पर फायर किया और कंटेनर को दौड़ाते रहे। पुलिस भी उनका लगातार पीछा करती रही।



### टायर फटा फिर भी मीलों दौड़ाया कंटेनर

पुलिस ने बताया कि 8 से 10 किलोमीटर पीछा करने के बाद कंटेनर का टायर फट गया। इसके बावजूद कंटेनर का चालक उसे रिम पर दौड़ाता रहा। अलवर-नगर रोड पर अचानक कंटेनर का पहिया गड्ढे में फंस गया। इसके बाद डीएसटी टीम ने तुरन्त घेराबंदी कर कंटेनर में दो तस्करों को दबोच लिया। कंटेनर को चेक किया तो उसमें 20 से 25 गोवंश भरे हुए थे। क्रेन की सहायता से कंटेनर को निकलवाया गया और सभी गोवंश को गोशाला भेजा गया। गिरफ्तार हुए गो तस्कर असलम निवासी लाडमका थाना गोपालगढ़ और सलमान निवासी उटामड़ा हैं। आरोपियों से एक देसी कट्टा भी बरामद किया गया है।

**ऐतिहासिक गांव कुलधरा का मामला**

## लातें मारकर गिराई ऐतिहासिक दीवारें, फूट रहा लोगों का गुस्सा



**बेधड़क** | जैसलमेर

जिले में ऐतिहासिक धरोहर की बेकद्री करने और राष्ट्रीय धरोहर को नुकसान पहुंचाने का मामला सामने आया है। इसका एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद यूजर्स का गुस्सा फूट रहा है। वीडियो पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए लोग ऐतिहासिक धरोहर की सुरक्षा और इसको नुकसान पहुंचाने वाले अपराधी तत्वों के खिलाफ कार्रवाई की मांग कर रहे हैं।

मामला जैसलमेर के ऐतिहासिक कुलधरा गांव का है, जहां दुनियाभर से पर्यटक प्राचीन वास्तुकला और शहरी बसावट को देखने के लिए आते हैं। सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो में दो लोग ऐतिहासिक कुलधरा गांव में दीवार को पैर से गिराते नजर आ रहे हैं। वीडियो के वायरल होने के बाद लोगों में आक्रोश है। इस पूरे मामले को लेकर जैसलमेर पुलिस को शिकायत दी गई है। इस पर पुलिस ने जल्द कार्रवाई का आश्वासन भी दिया है।

गौरतलब है कि कुलधरा में राजकीय संग्रहालय की ओर से एक कर्मचारी को यहां पर तैनात किया गया है। इसके साथ ही सालभर के अनुबंध पर तीन गृहरक्षकों की नियुक्ति भी की गई है। इसके बावजूद ऐतिहासिक धरोहरों के संरक्षण पर कर्मचारियों का कोई ध्यान नहीं है।

सोशल मीडिया पर इस वीडियो को शेयर करते हुए लोग अपना गुस्सा जाहिर कर रहे हैं। एक यूजर ने एक्स पर लिखा कि 'यह हमारी विरासत और पहचान है। लोग जैसलमेर में ऐतिहासिक किले और कुलधरा गांव को देखने के लिए आते हैं। अगर कोई इस तरह ऐतिहासिक कुलधरा गांव में दीवार को तोड़ें और उसका वीडियो बनाएं, ये कोई बर्दाश्त नहीं करेगा'

**क्रिकेट अभ्यास शिविर पूरा, बांटे खिलाड़ियों को ट्रैक सूट**

## 'प्रतिस्पर्धा से निखरती है प्रतिभा'

**बेधड़क** | धौलपुर

शिक्षाविद् भावेंद्र लाल संतानिया का कहना है कि प्रतिस्पर्धा से खिलाड़ियों की प्रतिभा में निखार आता है एवं प्रतियोगिता से खिलाड़ी और श्रेष्ठ खेल का प्रदर्शन कर सकते हैं।

संतानिया गुरुवार को मचकुंड रोड स्थित एक्सप्रेस अकेडमी में चल रहे द्वितीय अभ्यास शिविर के समापन समारोह में मुख्य अतिथि के तौर पर बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि खिलाड़ी प्रतियोगिताओं में अपना श्रेष्ठ प्रदर्शन करके ही अपनी प्रतिभा को अच्छा कर सकता है। कार्यक्रम में विशिष्ट



अतिथि साईं सेवा समिति के अध्यक्ष देवेंद्र पांडे ने कहा कि अच्छे खिलाड़ी के लिए अच्छे संसाधनों का होना भी आवश्यक है। विशिष्ट अतिथि समाजसेवी संजय अग्रोहा ने भी विचार प्रकट किए। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए चंबल प्रेस क्लब के अध्यक्ष जितेंद्र सिंह रजौरिया ने कहा कि सुविधाओं हमारा प्रयास रहा है कि हम अपने खिलाड़ियों को अच्छी सुविधा मुहिया कराए। इस अवसर पर खिलाड़ियों को ट्रैकसूट का वितरण भी किया गया। कार्यक्रम में पूर्व पार्षद सोनू त्रिवेदी, पूर्व क्रिकेटर रवि मोहन त्रिवेदी, राहुल राना, राजू खान, अमित सिंह सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

**गणतंत्र दिवस की तैयारियों को लेकर एडीएम ने ली बैठक**

## झांकियां से देंगे योजनाओं की जानकारी

**बेधड़क** | सीकर

जिले में आयोजित गणतंत्र दिवस समारोह में इस बार अलग ही नजारा देखने को मिलेगा। केन्द्र और राज्य सरकार की कल्याणकारी योजनाओं को आमजन तक पहुंचाने के लिए झांकियां सजाई जाएगी। इनके माध्यम से लोगों को योजनाओं के लिए जागरूक किया जाएगा।

गुरुवार को गणतंत्र दिवस की तैयारियों को लेकर कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक का आयोजन हुआ। एडीएम राकेश कुमार ने गणतंत्र दिवस समारोह की



व्यवस्थाओं से जुड़े संबंधित विभागीय अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। एडीएम ने कहा कि राष्ट्रीय पर्व गणतंत्र दिवस को उत्साह व उमंग के साथ गरिमापूर्ण माहौल में जन-सहभागिता के साथ मनाया जाएगा। इस मौके पर सभी अधिकारी व कर्मचारी आवश्यक रूप से समारोह स्थल पर उपस्थित रहना सुनिश्चित करेंगे। बैठक में सांस्कृतिक कार्यक्रमों, परेड व व्यायाम प्रदर्शन की तैयारी, समारोह स्थल पर पांडाल, बैठक व्यवस्था, पेयजल, चिकित्सा, सुरक्षा, यातायात आदि की व्यवस्थाओं के संबंध में चर्चा करते हुए संबंधित विभागों को निर्देशित किया गया। एडीएम ने बताया कि गणतंत्र दिवस पर सभी राजकीय कार्यालयों में सुबह 8 बजे ध्वजारोहण किया जाएगा। साथ ही मुख्य समारोह स्थल पर सुबह 9 बजे मुख्य अतिथि द्वारा ध्वजारोहण किया जाएगा। इसके पश्चात मार्च पास्ट, महामहिम राज्यपाल के संदेश का पठन, सामूहिक व्यायाम प्रदर्शन, प्रशस्ति पत्रों का वितरण, सांस्कृतिक कार्यक्रम, सरकारी योजनाओं पर आधारित झांकियों का प्रदर्शन तथा राष्ट्रगान के साथ समारोह का समापन होगा।

बैठक में आयोजन की रिहर्सल सहित विभिन्न व्यवस्थाओं के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए गए।

**बार एसोसिएशन के पदभार ग्रहण समारोह में बोले ओम बिरला...**

# सस्ता और सुलभ न्याय दिलाना वकीलों की जिम्मेदारी

**बेधड़क** | कोटा

कोटा बार एसोसिएशन की नवनिर्वाचित कार्यकारिणी का पदभार ग्रहण समारोह गुरुवार को आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में लोकसभा स्पीकर ओम बिरला ने शिरकत की। इस दौरान स्पीकर बिरला ने वकीलों का आह्वान करते हुए कहा कि आमजनता को सरल, सस्ता और सुलभ न्याय मिले ये वकीलों की बड़ी जिम्मेदारी है।

अदालत परिसर स्थित लाल चौक में आयोजित कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला एवं सत्र न्यायाधीश अश्वनी विज ने की। इस मौके पर बार एसोसिएशन ने अतिथियों का भावभीना स्वागत किया। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि



के रूप में कोटा दक्षिण विधायक संदीप शर्मा व कल्पना देवी भी शामिल हुए।

कार्यक्रम में नव-निर्वाचित पदाधिकारियों को पदभार ग्रहण करवाया। इस दौरान आयोजित समारोह को संबोधित करते हुए स्पीकर ओम बिरला ने कहा कि वकील जब भी कोई पक्षकार के पक्ष में बोलता है तो वो पक्ष में भी तर्क दे सकता है, विपक्ष में भी तर्क दे सकता है। ऐसे में न्याय की समीक्षा के साथ बड़ी जिम्मेदारी बन जाती है कि सामान्य व गरीब से गरीब व्यक्ति को भी न्याय दिलाने का काम करें। जो व्यक्ति न्याय मांगने आया है उसको सरल,सस्ता, व सुलभ न्याय मिले। इसमें सबसे बड़ी भूमिका अगर किसी की है तो वो वकीलों की है।

### आमजन के मन में बना रहे विश्वास

स्पीकर ओम बिरला ने कहा कि गरीब व्यक्ति को ऐसा लगना चाहिए अगर सरकार, प्रशासन ने न्याय नहीं किया है तो अदालत मेरे साथ जरूर न्याय करेगी। इसलिए न्यायिक अधिकारी की जितनी जिम्मेदारी है उतनी ही वकीलों की जिम्मेदारी है। आम जनता के मन में वकीलों के प्रति विश्वास बना रहे। प्रयास करें कि लोगों को जल्दी न्याय मिले। हमारी कोशिश होनी चाहिए कि कोटा बार के अंदर पेंडेंसी सबसे कम हो। पुराने मुकदमों का जल्द से जल्द कैसे निस्तारण हो, इस पर विचार करते हुए मामलों का निपटारा किया जाना चाहिए। इसके बेहतर परिणाम आएंगे और अच्छा संदेश भी जाएगा। मेरी जानकारी में जितने भी लेबर कोर्ट के केस सामने आए हैं वह 20 से 25 साल से कम पुराने नहीं हैं।

### सालभर का लेखा-जोखा पेश किया

समारोह में निवर्तमान कार्यकारिणी की ओर से साल भर का लेखा जोखा और सामाजिक कामों का विवरण पेश किया गया। पूर्व अध्यक्ष अध्यक्ष प्रमोद शर्मा, महासचिव गोपाल चौबे व उपाध्यक्ष कन्हैयालाल शाक्यवाल ने सम्बोधित किया। सम्बोधन के बाद पूर्व पदाधिकारियों ने नवनियुक्त अध्यक्ष मनोज पुरी, उपाध्यक्ष श्याम मनोहर चौधरी, महासचिव अजय श्रृंगी सहित नवनिर्वाचित कार्यकारिणी सदस्यों को माला पहनाकर मंचासीन कर पदभार सौपा। कार्यक्रम में कई न्यायिक अधिकारी, कर्मचारी व वकीलों ने शिरकत की।

**कमरे में दम घुटने से पति-पत्नी की मौत**

## सर्दी से बचाव को जलाई सिगड़ी बनी जानलेवा

**बेधड़क** | कोटा

जिले में सर्दी से बचाव के लिए कमरे में सिगड़ी जलाकर सोना एक दंपती के लिए मौत का सबब बन गया। कमरे में वेंटिलेशन नहीं होने के चलते पति-पत्नी की दम घुटने से मौत हो गई।

सुबह बेटा जगाने पहुंचा तो कमरे का गेट बंद मिला। बेटे ने आसपास के लोगों को बुलाया और खिड़की तोड़कर अंदर देखा तो दोनों मृत मिले। मृतक लक्ष्मण (45) मूलरूप से बारां जिले के पलायता का निवासी था। करीब 20 साल से वह कोटा में साजिदेहड़ा इलाके में किराए से रह रहा था। लक्ष्मण वर्तमान में बंजारा कॉलोनी स्थित मैरिज गार्डन में चौकीदारी



का काम करता था। उसकी पत्नी चंदा (40) कबाड़ी के गोदाम पर मजदूरी करती थी।

दोनों के दो बेटे व एक बेटी है। लक्ष्मण की रात में ड्यूटी होने के कारण वह मैरिज गार्डन के कमरे में सोने चला गया। पीछे से उसकी पत्नी चंदा भी वहां आ गई। दोनों ने सर्दी से बचाव के लिए कमरे में सिगड़ी जला रखी थी। सिगड़ी पर नॉनवेज भी चढ़ाकर वे सो गए। दम घुटने से दोनों की मौत हो गई।

### फ्रंटियर्स इन कैटलिसिस-2024 विषय पर दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन का राजस्थान केन्द्रीय विश्वविद्यालय में हुआ शुभारंभ

# नवाचारों का प्रतिबिंब विज्ञान, जिसमें है भविष्य बदलने की ताकत

**बेधड़क** | अजमेर

राजस्थान केन्द्रीय विश्वविद्यालय में गुरुवार को फ्रंटियर्स इन कैटलिसिस-2024 विषय पर दो दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन शुभारंभ हुआ। ये सम्मेलन अनुभव और ज्ञान साझा करने का बेहतरीन मंच बना। राजस्थान केंद्रीय विश्वविद्यालय के रसायन विज्ञान विभाग और केमिकल रिसर्च सोसायटी ऑफ इंडिया, राजस्थान चैप्टर के संयुक्त तत्वावधान में इस सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है।






कार्यक्रम के उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए आईआईटी कानपुर के प्रोफेसर और आईआईएसईआर कोलकाता के पूर्व निदेशक प्रो आरएन मुखर्जी ने कहा कि इस तरह के अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन वैज्ञानिक चर्चाओं के लिए एक बहुत अच्छा माध्यम हैं जिससे हम अपने ज्ञान को और आगे ले जा सकते हैं क्योंकि विज्ञान बहुत व्यापक है। सम्मेलन में देश-विदेश से लगभग 150 प्रतिनिधि भाग ले रहे है। यह अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन 5 जनवरी 2024 तक चलेगा।

### छात्रों के साथ हुआ संवाद, बांटे अनुभव

सम्मेलन के पहले दिन बैंगलुरु के जेएनसीएएसआर की प्रो. एच. इला ने हेटेरोसायकल सिंथेसिस के लिए नई कुशल और हरित रणनीतियों के डिजाइन और विकास पर व्याख्यान दिया। इसके बाद आईआईटी कानपुर के प्रो. आरएन मुखर्जी ने ऑर्थोमेटलेशन, हाइड्रॉक्सिलेशन, मेटल-प्रमोटेड रेजियोसेलेक्टिव एरोमैटिक रिंग -एमिनेशन और धातु-समन्वित कार्बनिक रेडिकल्स पर व्याख्यान दिया। मुख्य व्याख्यान पार्थसारथी दास, आईआईटी (आईएसएम) धनबाद, सौमेन हाजरा, सीबीएमआर लखनऊ, मनमोहन कपूर, आईआईएसईआर भोपाल ने दिया। तीन सत्रों में विभिन्न संस्थानों से आए प्रतिभागियों ने विचार रखे। स्कूल ऑफ केमिकल साइंसेज एंड फार्मेसी के डीन डॉ. ईश्वर श्रीनिवासन ने प्रतिभागियों का स्वागत किया।

#### वैज्ञानिक नवाचार में आगे है विवि

जवाहरलाल नेहरू सेंटर फॉर एडवांस्ड साइंटिफिक रिसर्च, बेंगलुरू की प्रो एच. इला ने कहा कि सम्मेलन युवा पीढ़ी के लिए फायदेमंद है और शोधार्थियों को इसका अधिकतम लाभ उठाना चाहिए। उन्होंने कैटलिसिस पर कार्यक्रम आयोजित करने की पहल पर विश्वविद्यालय को धन्यवाद दिया। राजस्थान केंद्रीय विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो आनंद भालेराव ने बताया कि राजस्थान केन्द्रीय विश्वविद्यालय को अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन की मेजबानी करने में खुशी हो रही है। उद्‌घाटन सत्र में उपस्थित सभी अतिथियों ने सार पुस्तिका का विमोचन भी किया।

## Yuva स्टोरीज



### मलिका ने जीता गोल्ड, बनाया नया कीर्तिमान

**जयपुर।** वायुसेना स्कूल की छात्रा मलिका कंवर ने हैदराबाद में आयोजित 10वीं विश्व इनक्लाइंन बैंच प्रैस प्रतियोगिता में गोल्ड मेडल जीतकर विश्व रिकॉर्ड बनाया है। आमेर रोड़ स्थित वायुसेना स्कूल में पढ़ने वाली मलिका ने 10वीं विश्व स्ट्रेंथ लिफ्टिंग प्रतियोगिता में मलिका ने रजत पदक भी प्राप्त किया। जयपुर पहुंचने पर स्कूल की चेयरमैन एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर एवं प्राचार्या सीमा भाटी और स्टाफ ने मलिका को बधाई दी। स्कूल मीडिया इंचार्ज घनश्याम शर्मा ने बताया कि मलिका की इस उपलब्धि पर उनके सम्मान में एक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया जिसमें मलिका को स्कूल की ओर से पांच हजार रूपए का पुस्स्कार भी दिया गया।



### समाज में नशे की रोकथाम के लिए पहल करें युवा

**जयपुर।** नव विकल्प नशामुक्ति संस्थान की ओर से महात्मा ज्योति राव फूले यूनिवर्सिटी के साइकोलॉजी विभाग के छात्रों के लिए नशे की समस्या को लेकर एक अवेयरनेस सेशन का आयोजन किया गया। वर्कशॉप का आयोजन छात्रों को नशे के नुकसान और इससे दूर रहने के लिए जागरुक करना था। वर्कशॉप में साइकोलॉजिस्ट मोहिनी गुप्ता ने छात्रों को नशीले पदार्थो से होने वाले दुष्परिणामों की जानकारी दी और नशे की रोकथाम के लिए योगदान का आह्वान किया। संस्था के अध्यक्ष हरीश भूटानी ने कहा कि समाज में नशे की समस्या बढ़ती जा रही है और सभी को मिलकर प्रयास करने होंगे। उन्होंने स्टूडेंट्स का आह्वान किया कि वे इन सब जानकारियों से मिले अनुभव से समाज में फैल रहे नशीले पदार्थों की रोकथाम में अपना योगदान दें। कार्यक्रम का संचालन यूनिवर्सिटी की असिस्टेंट लेक्चरर कल्पना और अंकिता सिंह ने किया।



### ओरिएंटेशन कार्यक्रम में जाना कॉलेज कल्चर

**जयपुर।** अंबाबाड़ी स्थित महर्षि अरविंद कॉलेज ऑफ फार्मेसी में चार दिवसीय ओरिएंटेशन कार्यक्रम की शुरुआत हुई। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की वंदना के साथ हुआ। इस अवसर पर स्टूडेंट्स को कॉलेज कल्चर की जानकारी दी एवं विभिन्न सेल से अवगत करवाया। कॉलेज के निदेशक डॉ भारत पाराशर ने स्टूडेंट्स को फार्मेसी के फील्ड में मिलने वाली अपार संभावनाओं के बारे मे जानकारी दी एवं ग्लोबल लेवल पर इसमें हो रहे नवाचारों से अवगत करवाया। उन्होंने स्टूडेंट्स के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। स्टूडेंट्स को तिलक लगाकर एवं मुंह मीठा करवाकर नए सत्र की शुरुआत करवाई।

### जेईई मेन्स 2024 के पहले सेशन की चल रही तैयारी

# सफलता के लिए मेहनत और एग्जाम पैटर्न पर करें फोकस

**बेधड़क** | जयपुर

सफलता के लिए जीतोड़ मेहनत कर जेईई में दाखिला लेते हैं वो युवा जिनका लक्ष्य देश के शीर्ष इंजीनियरिंग संस्थानों में दाखिला लेना होता है। कड़ी मेहनत ही इसमें सफलता हासिल करने का मूलमंत्र है। जेईई की ये परीक्षा साल में दो बार आयोजित की जाती है। इस वर्ष जेईई मेन परीक्षा का फर्स्ट सेशन 24 जनवरी से 1 फरवरी 2024 तक आयोजित किया जाना है।

नेशनल टेस्टिंग एजेंसी एनटीए, की ओर से हाल ही में जेईई मेन 2024 के लिए एग्जाम शेड्यूल जारी किया गया है। इस एग्जाम का हिस्सा बनने जा रहे युवा इसके बारे में किसी भी तरह की जानकारी और लेटेस्ट अपडेट्स के लिए जेईई परीक्षा की ऑफिशियल वेबसाइट पर जा सकते हैं।




#### मिलेंगे बेहतरीन कॉलेज


जेईई कटऑफ लिस्ट जारी होने के बाद शीर्ष ढाई लाख छात्र जेईई एडवांस परीक्षा में बैठने के लिए पात्र हैं। जेईई एडवांस्ड में सफल होने वाले युवा स्टूडेंट्स को आईआईटी, आईआईआईटी और एनआईटी जैसे प्रतिष्ठित इंजीनियरिंग कॉलेजों में दाखिला मिल पाएगा। जेईई मेन परीक्षा पीसीएम विषयों को कवर करते हुए 11वीं और 12वीं के सिलेबस के नॉलेज का आकलन करती है।

#### कॉम्पिटिशन रहेगा टफ

इस एग्जाम के लिए रजिस्ट्रेशन प्रोसेस पूरा हो गया है। इस बार रिकॉर्ड संख्या में स्टूडेंट्स के बैठने की जानकारी है। जिसके चलते परीक्षा के लिए प्रतिस्पर्धा बेहद ज्यादा रहेगी। ऐसे में उम्मीदवारों को जेईई मेन परीक्षा के सिलेबस बदलाव के बारे में पूरी जानकारी होनी चाहिए। इसे अच्छी तरह से समझने के लिए जेईई मेन परीक्षा पैटर्न और मार्किंग सिस्टम की गहन समीक्षा करना सबसे ज्यादा महत्वपूर्ण होगा।

#### ये रहेगा एग्जाम का पैटर्न

जेईई मेन में कुल 300 अंकों का पेपर होता है। इसमें 90 सवाल पूछे जाते हैं, जो फिजिक्स, केमिस्ट्री और मैथ्स में 30.30 अंकों के होते हैं। प्रत्येक सेक्शन में 20 एमसीक्यू होते हैं, जबकि शेष 10 संख्यात्मक. आधारित होते हैं। इस सभी प्रश्नों को हल करने के लिए तीन घंटे का समय दिया जाएगा।



#### एग्जाम में शामिल होने की योग्यता

जेईई मेन वो स्टूडेंट्स अपना आवेदन कर सकते हैं जिन्होंने मैथ्स, फिजिक्स और केमिस्ट्री में 12वीं बोर्ड परीक्षा पास की है। यह युवाओं के लिए बेहतरीन इंजीनियरिंग संस्थानों से इंजीनियरिंग में अपनी शैक्षणिक यात्रा शुरू करने का एक सुनहरा अवसर है।

#### होगी निगेटिव मार्किंग

जेईई मेन परीक्षा में पूछे जाने वाले सवाल एमसीक्यू होते हैं जिनमें प्रत्येक के चार उत्तर विकल्प होते हैं। जिनमें से एक सही होता है। एक सही उत्तर पर 4 अंक मिलते हैं, लेकिन गलत जवाब पर 1 अंक काटा जाता है। यह कटौती सही उत्तर के लिए एक चौथाई अंक के बराबर है। हालांकि किसी प्रश्न को अनुत्तरित छोड़ने पर कोई अंक नहीं काटा जाता।

#### मिलेंगे बेहतरीन कॉलेज

जेईई कटऑफ लिस्ट जारी होने के बाद शीर्ष ढाई लाख छात्र जेईई एडवांस परीक्षा में बैठने के लिए पात्र हैं। जेईई एडवांस्ड में सफल होने वाले युवा स्टूडेंट्स को आईआईटी, आईआईआईटी और एनआईटी जैसे प्रतिष्ठित इंजीनियरिंग कॉलेजों में दाखिला मिल पाएगा। जेईई मेन परीक्षा पीसीएम विषयों को कवर करते हुए 11वीं और 12वीं के सिलेबस के नॉलेज का आकलन करती है।



## 'एक भारत श्रेष्ठ भारत' शिविर में कैडेट्स ने साझा की एक-दूसरे की संस्कृति

**बेधड़क** | उदयपुर

राज गर्ल्स एनसीसी की ओर से आयोजित बारह दिवसीय 'एक भारत श्रेष्ठ भारत' शिविर का गुरुवार को समापन हुआ। शिविर का शुभारंभ तक भूपाल नोबल्स यूनिवर्सिटी के कैंपस में 23 दिसंबर को हुआ था। जिसमें तमिलनाडु, अंडमान और निकोबार, पुडचेरी के 150 कैडेट्स और 450 राजस्थान निदेशालय के एनसीसी कैडेट्स ने भाग लिया।

कैंप कमांडेंट कर्नल राजेश कुमार ने बताया कि शिविर में शामिल कैडेट्स ने एकदूसरे प्रदेशों की कला, संस्कृति, वेश भूषा व भाषा को करीब से जाना।

#### झीलों की नगरी का किया भ्रमण

कैडेट्स को झीलों की नगरी उदयपुर का दर्शन कराया गया। कैडेट्स ने इस खूबसूरत और ऐतिहासिक की संस्कृति को जाना। उदयपुर मुख्यालय के ग्रुप कमांडर कर्नल भास्कर चक्रवर्ती ने एक भारत श्रेष्ठ भारत का संकल्प लेकर सभी कैडेट्स को आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। सचिव डॉ एमएस राठौड़, प्रबंध निदेशक मोहब्बत सिंह राठौड़ ने शिविर के सफल संचालन के लिए अधिकारियों और स्टाफ का आभार प्रकट किया।



## निम्स में इंट्रेक्टिव लर्निंग की प्रमोट




**जयपुर।** निम्स यूनिवर्सिटी के कन्सर्वेटिव डेंटिस्ट्री एंड एंडोडॉन्टिक्स डिपार्टमेंट की ओर से गुरुवार को रोटरी एंडोडॉन्टिक्स पर एक सीडीई वर्कशॉप का आयोजन किया गया।

वर्कशॉप का शुभारंभ डेंटल कॉलेज एंड रिसर्च सेंटर फरीदाबाद (हरियाणा) के एचओडी डॉ प्रशांत भसीन ने द्वीप प्रज्जवलित करके किया। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि ऐसे वर्कशॉप और सेमिनार्स के आयोजन का मकसद स्टूडेंट्स के लिए प्रेक्टिकल ट्रेनिंग, एडवांस टेक्नीक्स और इंट्रेक्टिव लर्निंग को प्रमोट करना होता है ताकि वे रोटरी एंडोडॉन्टिक्स के क्षेत्र में ज्यादा से ज्यादा विशेषज्ञता हासिल कर सकें।

**मनी-मैटर्स** | युवा समझें आज की बचत कल का भविष्य है

# पेरेंट्स में घर कर रही है चिंता, उस चिंता का नाम है पैसा

**बेधड़क** | जयपुर

युवाओं में बेतहाशा खर्च करने की बढ़ती प्रवृत्ति से दिन पर दिन पेरेंट्स चिंतित हैं। रुपए-पैसों को लेकर बच्चों के भविष्य की चिंता एक ऐसी चीज है जो हर माता-पिता को लगी रहती है। उनकी पहली चिंता तो बच्चों के स्वास्थ्य की है और दूसरा यह कि वे जीवन में अपनी पसंद से कितना खुश हैं।

लेकिन टीन एज की तरफ बढ़ते बच्चों के माता-पिता को एक ऐसी चिंता घर करने लगी है, जिस पर उनका भविष्य टिका है। ये चिंता है पैसा। इसके दो आयाम है। पहला यह कि वह अपने भविष्य के लिए किस तरह से पैसा बचाता है और दूसरा यह कि वह पैसे बचाने की अहमियत को कितना समझता है? ब्रिटेन में स्टैंडर्ड लाइफ बैंक ने एक सर्वे किया है, जिसमें पता चला है कि दस में से सात माता-पिता अपने बच्चों के वित्तीय भविष्य को लेकर चिंतित हैं।



#### नई पीढ़ी को ट्रैवल में है ज्यादा रुचि

13 फीसदी जेनरेशन बचत के पैसे शेयरों में लगाना चाहती है जो कि रिस्क बढ़ाता है। पेरेंटस का मानना है कि बिना जानकारी या विशेषज्ञता के पैसों को स्टॉक्स में निवेश करना समझ से बाहर है। इसे लेकर वे चिंतित रहते हैं। सर्वे में शामिल लगभग 25% युवाओं ने कहा कि वे घूमने-फिरने में पैसे खर्च करेंगे। 13 फीसदी से भी कम ने कहा कि वे शॉपिंग या मनोरंजन पर खर्च करेंगे। आर्थिक मामलों की विशेषज्ञ फिट्जगेराल्ड का कहना है कि माता-पिता को चाहिए कि वे बच्चों को पैसा की सही इस्तेमाल करने के कुछ मौके जरूर दें, ताकि वे खुद से कुछ गलतियां कर उससे सीख सकें।

#### वित्तिय प्रबंधन पर बात करें

एक्सपर्ट्स का कहना है कि माता-पिता को अपने बच्चों को उस समय के लिए तैयार करना होगा और पहले बातचीत करनी होगी जिसमें उन्हें यह समझाया जा सके कि उस पैसा का इस्तेमाल किस लिए किया जाएगा। बच्चे जो पैसा जमा कर रहे हैं, उसका इस्तेमाल यूनिवर्सिटी फीस के लिए होगा या उसके लिए कार लेने के लिए। जीवन में अप्रत्याशित घटनाओं के लिए पैसा बचत करने से बच्चे ज्यादा सुरक्षित महसूस कर पाएंगे।

#### बचपन से ही सिखाएं रुपयों का प्रबंधन

अध्ययनों से पता चला है कि बच्चों को कम उम्र में पैसे का सही से इस्तेमाल सिखाने से उनके पूरी जीवन पर फर्क पड़ता है।लेकिन भविष्य के लिए पैसों की बचत करना आसान नहीं है। आर्थिक मामलों के जानकारों का मानना है किं पैसों को लेकर एक खामी यह है कि उसकी कोई सीमा नहीं है। इस वजह से यह सोचना मुश्किल लगता है कि आगे चलकर भविष्य में इसका असल मतलब क्या होगा। उन्हें बचपन से ही वित्त प्रबंधन सिखाना होगा।

#### करें लंबे समय के लिए निवेश

बचपन में बच्चों को तुरंत पैसों की जरूरत नहीं होती। लंबे समय के लिए निवेश करने में फायदा है। बैंक बच्चों के लिए भी खाते खोलता है। इससे बच्चों को यह सिखाया जा सकता है कि पैसे को कैसे जमा करना और कैसे निकालना है।माइनर बच्चों के लिए वो खाते खोलें जिन्हें वे 18 की उम्र से पहले एक्सेस नहीं कर पाएं।



लिजा चंदेल
स्वतंत्र टिप्पणीकार

### महज गोरे रंग को प्राथमिकता देने की मानसिकता

# गोरे रंग पर गुमान... कुचलता है कइयों के अरमान

अरे नहीं!! उसका रंग सांवला है, उसके मां बाप का रंग काला नहीं है, शादी कौन करेगा इससे? नहीं... नहीं, बच्चे भी काले ही होंगे। परिवार में कैसे बिठा पाएंगे। ऐसी बहुत-सी टिप्पणियां हैं, जो वर्तमान में एक अभिशाप की मानिंद लड़कियों के अरमानों या कहें समग्र समाज का गला घोंट रही हैं।

ऐसा नहीं है कि ये गोरे रंग का प्रचलन अभी से देखा गया है अगर देव युग की बात करें तो ऐसे कई उदाहरण तब भी देखने को मिलेंगे जैसे 'यशोमती मैया से बोले नंदलाला, राधा क्यों गोरी मैं क्यों काला...।' जाहिर है, पुराणों में भी गोरे रंग को लेकर चिंतन और प्रतिस्पर्धा का दौर था । एक मुहिम फादर ऑफ नेशन महात्मा गांधी द्वारा भी चलाई गई, जब उन्हें गोरों द्वारा केवल मात्र रंगभेद के चलते ट्रेन के प्रथम श्रेणी कोच से बाहर फिंकवा दिया गया, उसके बाद बैरिस्टर मोहनदास गांधी में दबा क्रांतिकारी अवतरित हुआ, जिसने अपने आंदोलन से फिरंगियों की सोच तो बदल दी, किंतु वर्तमान परिप्रेक्ष्य को देखते हुए गोरे-काले के भेद की परिपाटी हम भारतीयों ने ही अपना ली। क्या वास्तव में रंग का भेद किसी के व्यक्तित्व को परिभाषित कर सकता है? क्या सांवली त्वचा के लोग हमारी तरह सामान्य इनसान में नहीं गिने जा सकते? क्यों समाज में आज भी सांवले रंग की प्रशंसा नहीं की जाती है? क्यों इसे रूढ़िवादी विचारधारा के आधार पर कुरूपता का प्रतीक माना जाता है? आखिर लोग क्यों 'आधुनिक' होने के बावजूद भी किसी की सुंदरता का पैमाना त्वचा के रंग को मानते हैं? काफी हद तक इसमें दोष ब्यूटी प्रोडक्ट्स बनाने वाली कंपनियों का भी है, जो इस प्रतिस्पर्धा के दौर में लोगों को सुंदरता रंग के आधार पर निर्धारित करने के लिए विवश करते हुए गोरे रंग का ऐसे प्रचार कर रही हैं, मानो काला होना अपराध हो।



> *"खास तौर पर फिल्मी दुनिया से प्रभावित होकर लोग गोरे रंग वाली 'सुंदरता' की ओर ज्यादा आकर्षित हो रहे हैं। यहां हम ये कह सकते हैं कि सिनेमा समाज का आईना होने का दावा कर भ्रमित भी कर रहा है, क्योंकि जो सिनेमा सौंदर्य के खोखले दिखावों के आधार पर समाज को गोरे-काले के भेद में बांट दे, वो सिनेमा कैसे समाज का प्रतिबिंब हो सकता है?"*

खास तौर पर फिल्मी दुनिया से प्रभावित होकर लोग गोरे रंग वाली 'सुंदरता' के प्रति आकर्षित हो रहे हैं और यहां हम ये कह सकते हैं कि सिनेमा समाज का आईना होने का दावा कर भ्रमित कर रहा है, क्योंकि जो सिनेमा सौंदर्य के खोखले दिखावों के आधार पर समाज को गोरे-काले के भेद में बांट दे, वह कैसे समाज का प्रतिबिंब हो सकता है? हालांकि, मेघना गुलजार जैसी बोल्ड निर्देशक भी हैं, जिसने 'छपाक' में एसिड अटैक की विक्टिम हीरोइन पर फिल्म बनाने का साहस जुटाया। वर्ना, जो हीरोइनें हकीकत में काली ही हैं, वे भी मेकअप लीप कर गोरी दिखाई जाती हैं, ताकि गोरे रंग के प्रति बनी दर्शकों की मानसिकता का लाभ उठाया जा सके।

कुछ समय पूर्व ही छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट में तलाक संबंधी एक याचिका दर्ज हुई थी, जिसका आधार केवल महिला का रंग काला होना बनाया गया था। इस पर छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट ने 'गोरे रंग को प्राथमिकता देने की मानसिकता' को बढ़ावा देने वाली फेयरनेस क्रीम इंडस्ट्री पर गोरे रंग को महिमा मंडित करने को लेकर नाराजगी जताई थी । कॉर्पोरेट इंडस्ट्री की बात करें तो वर्तमान में कहीं न कहीं खूबसूरत यानी गोरवर्ण और फिट एंप्लॉइज को प्राथमिकता देने का चलन भी जोरों पर है। अब सवाल यह है कि क्या किसी की त्वचा के रंग और फीचर्स के आधार पर उसके व्यक्ति के ज्ञान, गुण, चरित्र और व्यक्तित्व का विश्लेषण करना कहां तक सही है? जरूरत है काले-गोरे की इस भेद को खत्म कर समाज में एकरूपता और समानता स्थापित करने की, जिसका पहला अध्याय स्वयं के घरों से शुरू होना अनिवार्य है। साथ ही, विचारों में परिपक्वता लाने और अपने बातचीत करने के ढंग को बदलने की जरूरत है। काफी हद तक महिलाएं स्वयं भी इस भेद को बढ़ावा देने में दोषी हैं, जो गोरी त्वचा वाली महिलाओं से प्रतिस्पर्धा करती हैं। वे स्वयं अपने रंग को अस्वीकार करती नजर आती हैं। नतीजतन, वे हीनभावना की शिकार हो जाती हैं, जिससे उनमें आत्मविश्वास खत्म प्रायः हो जाता है। समाज प्रगति तभी करेगा जब व्यक्ति अपने विचारों में सुंदरता लाएगा।

महज शारीरिक सौंदर्य यानी रंग और देहयष्टी के आधार पर किसी का आकलन कर परिणाम पर पहुंचना गलत है। कुल मिलाकर प्रत्येक इंसान को अपनी सोच को सुंदर बनाना आवश्यक है।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

### संदर्भः हिट एंड रन कानून

# कड़ा कानून जरूरी... मगर सलाह-सहमति भी



राजेंद्र शर्मा
वरिष्ठ पत्रकार

> *"जो कानून केंद्र सरकार ने बनाया है, वह जरूरी तो है, नहीं तो किसी और सलमान खान की गाड़ी फुटपाथ पर सो रहे गरीबों को कुचल जाएगी और दोषी का कुछ नहीं बिगड़ेगा। साथ ही, ड्रग्स या शराब के नशे में धुत होकर रईसजादे किसी को भी अपनी करोड़ों की कार से कुचलकर खुलेआम घूमते रहेंगे। फिर भी, अनिवार्यता का मतलब मनमानी नहीं हो सकता, इसलिए कोई भी कानून पूरी सलाह और सहमति के साथ ही बने।"*



यह ठीक है कि कानून का राज होना चाहिए। यह ठीक है कि अपराधियों में कानून का भय होना चाहिए। यह ठीक है कि कानून सबके लिए बराबर भी होना चाहिए। फिर भी, यह भी ठीक है कि कानून बनाने से पहले उससे जुड़े विशेषज्ञों आदि से मशविरा भी लेना चाहिए। यह पहली बार नहीं हुआ कि हिट एंड रन मामले के लिए बने नए कानून में यह सलाह-सुझाव और सहमति का कदम नहीं उठाया गया। पहले भी सीएए, एनआरसी, किसान कानून आदि में भी ऐसा हुआ था। अलबत्ता, बाद में जब विरोध हुआ तो केंद्र सरकार को मानना पड़ा कि इसे लागू नहीं कर रहे हैं। सारे संबंधित जानकारों-पक्षों से राय लेने के बाद इसमें उचित संशोधन कर सभी को विश्वास में लेने के बाद ही इसे लागू करने पर विचार किया जाएगा। ऐसे दूरदर्शी कानून अदूरदर्शी तरीके से बनने और लागू होने के बाद हुए विरोध-प्रदर्शनों की वजह से चक्का जाम, रोड जाम आदि से देश को अरबों रुपए का नुकसान होता है सो अलग और आमजन को बुरी तरह से परेशान होना पड़ता है सो अलग।

हाल ही में केंद्र सरकार द्वारा बनाए गए नए 'हिट एंड रन' कानून से देश भर में नया बवाल खड़ा हो गया। बन रहा था तब तो इसके बारे में किसी को कानों-कान खबर तक नहीं लगी, लेकिन जब बन गया और लागू होने की स्टेज पर आते ही जैसे ही इससे प्रभावित होने वाले तबके (जिसमें वाहन मालिक, चालक आदि आते हैं) को पता चला, तो जबरदस्त विरोध हुआ और मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश, राजस्थान, महाराष्ट्र समेत कई प्रदेशों में ट्रक ड्राइवरों की हड़ताल के चलते हाहाकार मचा। टैंकरों के रास्ते में रुक जाने से कई पेट्रोल पंप रीत गए, बचे-खुचों पर लंबी-लंबी कतारें लगी। फल, सब्जी और जरूरी सामान की किल्लत होने लगी। तब सरकार चेती और दिल्ली में बैठक कर ऑल इंडिया ट्रांसपोर्ट कांग्रेस को आश्वासन दिया गया कि कानून अभी लागू नहीं किया जा रहा है। ऐसा नहीं कि सरकार को पहले इस हड़ताल का पता नहीं था। हड़ताल तीन दिन पूर्व से तमाम ड्राइवर्स के बीच इससे संबंधित सच्ची-झूठी सूचनाएं फैलने के बाद 1 से 3 जनवरी के बीच वाहन नहीं चलाने के आह्वान का पत्र प्रसारित किया जा रहा था। वजह, पारदर्शिता की कमी रही। बहरहाल, किसान कानून आदि की तरह केंद्र सरकार के लागू नहीं करने के आश्वासन के बाद हड़ताल खत्म तो हो गई। लेकिन, इस अंदेशे के बाद कि जब भी यह कानून लागू होगा, कड़ा विरोध होगा, क्योंकि विरोध प्रदर्शन करने वाले भी दो दिन में मिले समर्थन से उत्साहित हैं। दरअसल, पहले तो यह सूचना चली कि यह ट्रकों पर लागू होगा, फिर टैक्सियों की बात जुड़ी, बाद में सारे फोर व्हीलर पर लागू करने की बात आई और हकीकत सामने आई कि दोपहिया वाहन चालक भी इसकी जद में आएंगे। जाहिर है, ट्रेलर, ट्रक से स्कूटर-बाइक तक का विशाल चालक समूह इससे प्रभावित होना है।

वैसे, इस कानून की दरकार तो है, कब तक 19वीं सदी की भारतीय दंड संहिता के कानून पर अमल करें! दरअसल, इस कानून में चालक यदि किसी को अपने वाहन से टक्कर मारकर वाहन के साथ भाग जाता है और पीड़ित की मौत उसी वक्त या बाद में हो जाती है और चालक पकड़ा जाता है तो उसको जमानत मिल जाती है। गौर करें, जब यह कानून बना तब भारत में 90 प्रतिशत से अधिक वाहन गोरों के पास ही थे। जाहिर है, उन्होंने कानून अपने ड्राइवर या खुदको बचाने के लिए बनाया था। तो, किसी घर का चिराग उजाड़ कर, कमाऊ इनसान को मारकर आप आराम से खुले में घूमें, यह अमानवीय है। इसके लिए कानून को कड़ा बनाना अनिवार्य है। किसी भी बदलाव का कदम भले ही सही हो, लेकिन उठाने का तरीका भी सही होना जरूरी है, अन्यथा यकायक बदलाव का विरोध होना ही है, जो हुआ।

बता दें, 'हिट एंड रन' के मामले सड़क दुर्घटना से जुड़े होते हैं। 'हिट एंड रन' का मतलब है तेज गति और लापरवाही से वाहन चलाते हुए किसी व्यक्ति या संपत्ति को नुकसान पहुंचाकर फरार हो जाना। ऐसे में साक्ष्यों और चश्मदीद गवाहों के नहीं होने के कारण दोषी को पकड़ना और दंडित करवाना बहुत दुष्कर कार्य है और जिस कानून को लेकर देश में बवाल मचा, वह बीते दिनों संसद से पारित तीन नए कानून का हिस्सा है। दरअसल, भारतीय दंड संहिता (भादसं) की जगह लेने वाली भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 104 में 'हिट एंड रन' का जिक्र किया गया है। इसमें लापरवाही से किसी की मृत्यु के लिए दंडात्मक कार्रवाई का प्रावधान है।

इसकी उपधारा 104(1) के मुताबिक, 'जो बिना सोचे-समझे या लापरवाही से कोई ऐसा कार्य करके किसी व्यक्ति की मृत्यु का कारण बनता है] जो गैर इरादतन हत्या की श्रेणी में नहीं आता, उसे किसी एक अवधि के लिए कारावास से दंडित किया जाएगा, जिसे पांच साल तक बढ़ाया जा सकता है और दोषी जुर्माने के लिए भी उत्तरदायी होगा।'

वहीं, उपधारा 104(2) कहती है, 'जो कोई भी लापरवाही से वाहन चलाकर किसी व्यक्ति की मृत्यु का कारण बनता है, जो गैर इरादतन हत्या की श्रेणी में आता है और घटना के तुरंत बाद किसी पुलिस अधिकारी या मजिस्ट्रेट को इसकी सूचना दिए बिना भाग जाता है, उसे किसी भी अवधि के कारावास से दंडित किया जाएगा। इस अवधि को दस साल तक बढ़ाया जा सकता है और 10 लाख रुपए तक जुर्माना भी देना होगा।'

इससे पूर्व या कहें वर्तमान में भारत में 'हिट एंड रन' के मामले में भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) में कोई अलग विशेष प्रावधान नहीं है। इसमें लापरवाही पूर्वक वाहन चलाने से सामने वाला व्यक्ति घायल होता है या फ्रैक्चर होता है, तो आरोपी के खिलाफ आईपीसी की धारा 279, 337, 338 के तहत मामला दर्ज किया जाता है। दुर्घटना में घायल व्यक्ति की मौत के बाद आरोपी के खिलाफ 304ए के तहत मामला दर्ज किया जाता है। इसमें यह गैर इरादतन हत्या की श्रेणी में नहीं आता, तो उसे दो साल तक की कैद या जुर्माना या दोनों से दंडित किया जाएगा।

बहरहाल, जो कानून केंद्र सरकार ने बनाया है, वह जरूरी तो है, नहीं तो किसी और सलमान खान की गाड़ी फुटपाथ पर सो रहे गरीबों को कुचल जाएगी और दोषी का कुछ नहीं बिगड़ेगा। साथ ही, ड्रग्स या शराब के नशे में धुत होकर रईसजादे किसी को भी अपनी करोड़ों की कार से कुचलकर खुलेआम घूमते रहेंगे। फिर भी, अनिवार्यता का मतलब मनमानी नहीं हो सकता, इसलिए कोई भी कानून पूरी सलाह और सहमति के साथ ही बनाया जाए, ताकि पीड़ित लाभ से वंचित नहीं रहें और दोषियों को अभयदान न मिले। अंत में बता दें, वर्ष 2020 और 2021 में हिट एंड रन के 1,09,863 मामले हुए,जिनमें 54,097 लोगों को असामयिक मौत ने अपने आगोश में लिया।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

### व्यंग्य

# नया साल रजाई में



पूरन सरमा
व्यंग्यकार

मैं अपना नया साल अपनी फटी-पुरानी रजाई के साथ मनाऊंगा। न मैं किसी पार्टी में जाऊंगा और न किसी नाइट क्लब में। जाड़े से बच लूंगा और बीमार नहीं पड़ूंगा तो मेरा नया साल अपने आप भव्य हो जाएगा, क्योंकि जब मैं नयी रजाई बनाने की पोजीशन में नहीं हूं तो बीमारी का इलाज तो दिन में ही तारे दिखा देगा। शराब की जगह पीऊंगा, अदरक वाली चाय और पीजा बर्गर की जगह खाऊंगा, बाजरे के टिक्कड़ तो मेरा नया साल भारतीय परम्पराओं के करीब भी होगा। वैसे मेरा साल, क्या नया और क्या पुराना।

सब दिन एक से हैं। नंगा क्या तो नहाए और क्या निचोड़ें। मैं तो एक आम आदमी हूं मैंने मेरी खुशियों को अपने हिसाब से निकाल लिया है। तन ढकने को सर्दी में कोई एक गर्म कपड़ा नहीं है। एक कोट हुआ करता था, जो मेरी शादी में पता नहीं किस स्थिति में बन पाया था, उसने भी दस साल पहले चिथड़े-चिथड़े होकर साथ छोड़ दिया था। अब रात में गर्मी के लिए यह पुरानी रजाई ही तो बची है, जिसे पुराने और नए साल का सेतु बना रखा है मैंने। मैं यह कहूं कि यह नया हमारा भारतीय नया साल नहीं है तो यह बात किसी के गले नहीं उतरेगी, क्योंकि सब पैसे के नशे में चूर नया साल मनाने की खुशी में खोए हैं। पूरी जनवरी नया साल है। इस नए साल के बहाने जो भी फूहड़ता हो जाए, वह कम है। नए साल में पार्टियां अटेंड नहीं करो तो दकियानूस और पिछड़ेपन की तोहमत।

मेरा बच्चा भी नया साल रजाई में ही मनाता है। यह उसकी सम-हजयदारी ही है कि उसने कभी नया साल नए तरीके से मनाने की जिद ही नहीं की। रजाई में पड़ा पोर्टेबल काले-सफेद टीवी पर डीडी पर जो भी दिखाया जाता है, देखकर सो जाता है। रंगीन टीवी और केबल कनेक्शन हमारे बूते से बाहर है, वह यह भी जानता है। उसे पता है उसका जन्म गरीबी में हुआ है, इसलिए अमीरों के चोंचले उसके घर में संभव हैं ही नहीं। बाजरी के टिक्कड़ के साथ ज्यादा से ज्यादा गुड़ और मिल जाएगा उसे और पानी पीकर हंसता हुआ मना लेगा, नए लोगों का नया साल। उसके साथियों ने जोर भी दिया था कि नया साल पचास रुपए का टिकिट लेकर अमुक होटल में मनाया जा सकता है, लेकिन उसने खुद ही मना कर दिया कि पचास रूपए से तो नया साल पूरे घर में खुशहाली के साथ मनाया जा सकता है। उसने यह भी कहा कि वह न तो नए साल का डांस जानता है न संगीत। इसलिए वह उन लोगों की पार्टी को बेमजा नहीं करेगा। गरीब आदमी क्या खाकर मनाएगा नया साल। किसी से उधार लाकर नया साल मनाया तो, वह ब्याज में कचूमर निकाल देगा। एक को ढको तो दूसरा उधड़ जाता है और दूसरे को -ढको तो पहले वाला उधड़ जाता है। पूरा महिना शांतिपूर्वक निकल जाए, यही नया साल है। कोई आर्थिक विपदा नहीं आए और हारी-बीमारी का बखेड़ा खड़ा नहीं हो, यही है मेरा यानि हमारा तो नया साल। पत्नी भी नया साल रजाई में ही मनाती है। उसकी रजाई की हालत सबसे जर्जर है।

सर्दी से बचने के लिए वह उस पर एक पुराना चद्दर और लगा लेती है। नया साल शुरू होता है तब तक तो वह रसोई में ही खटती रहती है। नींद आ जाए तो मन जाता है नया साल। उसके जीव को पचास चिन्ताएं हैं। जिंताओं ने उसे चिंताघर बना दिया है। अपनी सारी चिन्ताएं छोड़कर, वह मेरी और बच्चे की खुशहाली के लिए घुलती रहती है। सबसे बाद में खाना खाती है। सब्जी बच जाए तो ठीक वर्ना नमक मिर्च या चटनी के साथ तृप्ति की डकार ले लेती है। दो साधारण साड़ियां, जिसमें नया और पुराना दोनों साल निपट जाते हैं। पूजा-पाठ करके घर की खैर मांगती रहती है और यही होता है उसका नया साल भी।

सर्दी हमारी तीनों रजाइयों के सहारे निकल जाए, यही होता है हमारा नया साल। वैसे हमारे दिल में नया साल मनाने की कोई हसरत भी नहीं है। इसलिए नया साल मनाने, नहीं मनाने का कोई रंज भी नहीं है। मन में इतनी सी हसरत जरूर है कि रजाइयां नई बन जाएं तो नए साल का उत्साह और उमंग अधिक आ सकता है। मौका लग गया तो अगले साल मैं अपना नया साल नयी रजाइयों में मनाऊं, लेकिन नया साल मनाऊंगा रजाई में ही।



**भजनलाल शर्मा**, मुख्यमंत्री, राजस्थान
@BhajanLalBJP
अद्भुत भारत, लक्षद्वीप! प्रकृति के रथ अनुकंपा से अभिसिंचित, अनूठे सौन्दर्य से अलंकृत व रमणीय पर्यटन स्थलों के लिए सुविख्यात 'लक्षद्वीप' पर उद्घाटन प्रधानमंत्री श्री @narendramodi जी की ऐतिहासिक यात्रा, वहां के सर्वांगीण विकास को बल देगा।

### नॉलेज कॉर्नर: यह है भारत की सबसे खतरनाक फोर्स

# कड़ी ट्रेनिंग के बाद तैयार होते हैं NSG कमांडो

भारतीय सेना दुनिया की चौथी सबसे बड़ी सेना है। इसीलिए भारतीय सेना के जवानों की ट्रेनिंग भी बहुत कठिन होती है। लेकिन क्या आप जानते हैं कि भारत के सबसे खतरनाक कमांडो कौन है। देश को आतंकी गतिविधियों से बचाने के लिए 22 सितंबर 1986 को राष्ट्रीय सुरक्षा गार्ड (एनएसजी) का गठन किया गया था। एनएसजी का गठन जर्मनी के जीएसजी-9 और यूनाइटेड किंगडम के एसएएस की तर्ज पर किया गया था। राष्ट्रीय सुरक्षा गार्ड (एनएसजी) भारत सरकार के गृह मंत्रालय के नियंत्रण में आता है। आज के नॉलेज कॉर्नर में विस्तार से जानते हैं राष्ट्रीय सुरक्षा गार्ड यानी एनएसजी के बारे में...

#### पलक झपकते ही शत्रु समाप्त

भारत के सबसे खतरनाक कमांडो राष्ट्रीय सुरक्षा गार्ड (एनएसजी) के होते है। इन्हें ब्लैक कैट कमांडो के नाम से भी जाना जाता है। ये कमांडो सिर से लेकर पैर तक ब्लैक ड्रेस में होते हैं। एनएसजी कमांडोज की सबसे खास बात यह है कि ये बहुत तेज गति से दुश्मनों के खिलाफ कार्रवाई करते हैं। ये भी कहा जा सकता है, पलक झपकते ही ये दुश्मनों को मिटाने की क्षमता रखते हैं। वर्ष 1984 में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने भारतीय धरती पर



आतंकवादी गतिविधियों से निपटने के लिए एक संघीय आकस्मिक बल बनाने का निर्णय लिया। इसलिए अगस्त 1986 में भारतीय संसद में एक विधेयक पेश किया गया और भारत के राष्ट्रपति ने 22 सितंबर 1986 को विधेयक को मंजूरी दे दी और राष्ट्रीय सुरक्षा गार्ड (एनएसजी) औपचारिक रूप से उसी तारीख से अस्तित्व में आया।

#### मानेसर में प्रशिक्षण

एनएसजी कमांडोज की ट्रेनिंग बहुत ही कठोर होती है। कमांडोज के लिए ट्रेनिंग के पहले कई चरणों में परीक्षा होती है। परीक्षा के बाद अंतिम चयन में जवान ट्रेनिंग के लिए मानेसर पहुंचते हैं, जहां उनकी लंबी ट्रेनिंग होती है। बता दें कि जरूरी नहीं है कि ट्रेनिंग सेंटर पहुंचने के बाद भी कोई सैनिक अंतिम रूप से कमांडो बन ही जाता है। नब्बे दिन की कठोर ट्रेनिंग के अंत में एक हफ्ते की ऐसी ट्रेनिंग होती है, जिसमें 15-20 फीसदी सैनिक नहीं पहुंच पाते हैं।

#### एनएसजी के ऑपरेशन

*देश में जब भी बड़े आतंकी हमले हुए हैं, सभी हमलों में एनएसजी मुहंतोड़ जवाब देती है। ये फोर्स गृह मंत्रालय के तहत काम करती है। इन जवानों की खासियत है कि ये वीआईपी सिक्योरिटी, हाईजैकिंग रोकने, बम का पता लगाने जैसे कार्यों में माहिर होते हैं।*

कंटेंट: कुलदीप सिंह जादौन

**सबसे पहले तमिलनाडु व आंध्र प्रदेश की** चुनावी तैयारियों को परखेगा आयोग

# लोकसभा चुनाव: आयोग सात जनवरी से शुरू करेगा राज्यों का दौरा

**एजेंसी** | नई दिल्ली

लोकसभा चुनाव की तारीखों का ऐलान वैसे तो मार्च के पहले पखवाड़े में होगा, लेकिन इससे पहले चुनाव आयोग उससे जुड़ी तैयारियों में जुट गया है। आयोग इस सिलसिले में सात जनवरी से राज्यों का दौरा भी शुरू करेगा।

फिलहाल इस दौरे की शुरूआत दक्षिण भारत के राज्यों से होगी। जहां सात से दस जनवरी के बीच वह तमिलनाडु व आंध्र प्रदेश की चुनावी तैयारियों को परखेगा। आयोग की इस पहल को लोकसभा चुनाव की उल्टी-गिनती शुरू होने से भी जोड़कर देखा जा रहा है। वैसे भी किसी भी चुनाव के ऐलान से पहले आयोग तैयारियों को जांचने के लिए उन सभी राज्यों का दौरा करता है।

आयोग राजनीतिक दलों और स्थानीय प्रशासनिक अधिकारियों के साथ बैठक कर सुरक्षा इंतजाम और सुरक्षा बलों की जरूरत, परीक्षाएं, त्योहार, मौसम सहित कई पहलुओं पर विचार करेगा। मुख्य निर्वाचन आयुक्त राजीव कुमार, अनूप चंद्र पांडेय और




अरुण गोयल लोकसभा चुनाव के लिए दौरा करेंगे। इधर लोकसभा चुनाव के लिए राजनीतिक पार्टियां भी पूरी तैयारी में जुटी हैं। पार्टियों ने सीटों के बटवारे और जोड़तोड़ की कवायद शुरू कर दी है।

### पहले चरण में इन जगहों पर तैयारियों का लेगा जाएजा

चुनाव आयोग पहले चरण में तमिलनाडु और आंध्र प्रदेश का दौरा करेगा। आयोग तमिलनाडु की 39, आंध्र प्रदेश की 25 लोकसभा सीटों और 175 विधानसभा सीटों पर चुनावी तैयारियों का जायजा लेगा। इस दौरान वहां स्थानीय प्रशासन के साथ ही वहां के राजनीतिक दलों के साथ ही भी बैठक करेगा। इसके बाद वह 15 जनवरी के बाद फिर से दूसरे राज्यों के दौरे पर रहेगा। बता दें कि चुनाव आयोग अपने दौरे के दौरान स्थानीय प्रशासन व राजनीतिक दलों की ओर से उठाए जाने वाले मुद्दों और दिक्कतों को चुनाव कार्यक्रम को अंतिम रूप देने के दौरान ध्यान रखता है। इस दौरान राज्यों में होने वाली परीक्षाओं, त्योहारों आदि की जानकारी जुटाई जाती है।

### सभी राज्यों का करना होगा दौरा

दूसरे चरण के दौरे के कार्यक्रम को अभी तक अंतिम रूप नहीं दिया गया है, लेकिन चुनावी तैयारियों को जांचने के लिए फरवरी अंत तक आयोग को सभी राज्यों को दौरा पूरा करना होगा। फिलहाल जो प्रक्रिया है, उसके तहत राज्यों की चुनावी तैयारियों को जांचने के कुछ ही दिनों के भीतर आयोग चुनाव की तारीखों का ऐलान कर देता है। गौरतलब है कि चुनावों की तैयारियों को लेकर निर्वाचन आयोग के लिए राजनीतिक दलों, वरिष्ठ पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों और चुनाव से जुड़े लोगों से मिलने के लिए राज्यों का दौरा करना एक आम प्रक्रिया हैं। हालांकि यह अभी स्पष्ट नहीं है कि चुनाव आयोग सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों का दौरा करेगा या नहीं।

## मुझे जेल में भेजने की कोशिश कर रही बीजेपी



**नई दिल्ली**। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने कहा आप लोग दो साल से शराब घोटाले का नाम सुन रहे हैं। लेकिन अभी तक घोटाले में एक भी पैसा नहीं मिला। क्योंकि घोटाला हुआ ही नहीं, अगर होता तो पैसा मिलता। बीजेपी मुझे गिरफ्तार करना चाहती है और लोकसभा चुनाव से पहले मुझे जेल भेजना चाहती है। मेरी सबसे बड़ी संपत्ति मेरी ईमानदारी है और बीजेपी उसे नुकसान पहुंचाना चाहती है। मेरे वकीलों ने मुझे बताया है कि ईडी के समन अवैध हैं। बीजेपी का मकसद मेरी जांच करवाना नहीं है, बल्कि मेरे लोकसभा चुनाव के अभियान को रोकना है। वो मुझे जांच के नाम पर बुलाना चाहते हैं और फिर गिरफ्तार करना चाहते हैं।

## प्रधानमंत्री मोदी से मिले उदयनिधि स्टालिन



**नई दिल्ली**। तमिलनाडु के खेल मंत्री उदयनिधि स्टालिन गुरुवार को नई दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की। द्रमुक और भाजपा के बीच सनातन धर्म के खिलाफ टिप्पणी को लेकर हुए टकराव के बाद पहली बार यह मुलाकात हुई है। इससे पहले प्रधानमंत्री मोदी ने दक्षिण की अपनी दो दिवसीय यात्रा के दौरान राज्य में एक सार्वजनिक कार्यक्रम के दौरान तमिलनाडु के मुख्यमंत्री और द्रमुक प्रमुख एमके स्टालिन के साथ मंच साझा किया था।

**कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के** आवास पर हुई अहम बैठक

# लोस चुनाव: कांग्रेस ने घोषणापत्र और सीटों के बंटवारे पर की चर्चा

**एजेंसी** | नई दिल्ली

2024 में होने वाले लोकसभा चुनाव को लेकर पार्टियों ने रणनीति तैयार करना शुरू कर दिया है। इसी बीच आज कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के आवास पर पार्टी की एक अहम बैठक हुई। सूत्रों के मुताबिक बैठक में कांग्रेस के दिग्गज नेताओं ने चुनाव को लेकर मंथन किया।

बैठक में कांग्रेस के राज्य के नेताओं ने अपनी बात रखी। साथ ही यह भी आकलन किया कि अगर सहयोगी पार्टियों के साथ सौदेबाजी करते हैं तो कांग्रेस को कितनी सीटें मिल सकती हैं। पार्टी के राज्य के नेताओं ने कहा कि अगर हम गठबंधन में ज्यादा सीटों की मांग रखेंगे, तभी समझौते का फार्मूला तैयार हो सकेगा। इसके साथ ही भारत जोड़ो न्याय यात्रा के रूट मैप को भी अंतिम रूप दिया।

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने पार्टी नेताओं से कहा कि वे अपने मतभेदों को भुलाकर एकजुट हों और पार्टी लाइन के बाहर संवेदनशील मुद्दों पर बात न करें।

**भारत जोड़ो न्याय यात्रा के रूट मैप पर लगी अंतिम मुहर**




### उम्मीदवारों की पहली सूची बहुत जल्द

सूत्रों ने बताया कि इस सप्ताह तक सभी राज्यों के लिए स्क्रीनिंग समितियों की घोषणा होने की संभावना है और उम्मीदवारों का चयन तुरंत शुरू हो जाएगा। यह देखते हुए कि पार्टी उम्मीदवारों की पहली सूची बहुत जल्द घोषित करेगी। इसके अलावा पार्टी ने घोषणापत्र तैयार करने के लिए गठित की गई समिति की पहली बार बैठक की। इसमें लोगों के सामने पेश किए जाने वाले पार्टी के वैकल्पिक सकारात्मक एजेंडे में शामिल किए जाने वाले प्रमुख मुद्दों पर चर्चा हुई।

### सीट बंटवारे पर अंतिम चर्चा

सीट बंटवारे पर पार्टी की समिति ने कांग्रेस अध्यक्ष के साथ उनके आवास पर अंतिम चर्चा की, जहां पूर्व पार्टी अध्यक्ष राहुल गांधी भी मौजूद थे। संयोजक मुकुल वासनिक और सदस्य पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत और भूपेश बघेल वाली समिति ने अंतिम बातचीत की और पार्टी नेतृत्व को आगे का रास्ता सुझाया। कमेटी पहले ही अन्य दलों के साथ सीट-बंटवारे पर सभी राज्य इकाइयों से बात कर चुकी है। एक बयान में खरगे ने कहा, 'हमें एकजुट होना होगा और लोगों के सामने जमीनी मुद्दों पर भाजपा के झूठ, धोखे और गलत कामों का मुंहतोड़ जवाब देना होगा।' उन्होंने नेताओं से कहा, 'अपने मतभेद दूर करने, आंतरिक मुद्दों को मीडिया में नहीं उठाने और एक टीम के रूप में काम करें।'

### आधे से अधिक सीटों पर चुनाव लड़ने का विचार

सूत्रों ने कहा कि पार्टी ने लगभग आधी लोकसभा सीटों पर पूरी ताकत से ध्यान केंद्रित करने का फैसला किया है, जहां कांग्रेस की जीत की संभावना है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस कुल सीटों में से आधे से अधिक सीटों पर चुनाव लड़ने की सोच रही है। सूत्रों ने कहा कि पार्टी ने प्रदेश इकाइयों से उम्मीदवार चयन की प्रक्रिया शुरू करने और पहली सूची उपलब्ध कराने को कहा है। बिहार कांग्रेस के नेताओं ने कहा कि अगर वाम दल और कांग्रेस 25 सीटों की मांग करते हैं, तो हमें 10-12 सीटें मिल सकती हैं। नेताओं ने कहा कि हम गठबंधन चाहते हैं और जहां तक जेडीयू और राजद को समायोजित करने का सवाल है, तो हम प्लस और माइनस सहन करने के लिए तैयार हैं। झारखंड के नेताओं ने कहा कि हमें 12 का दावा करना चाहिए और 7 से नीचे सहमत नहीं होना चाहिए। बैठक में यूपी कांग्रेस के नेताओं ने 40 सीटों की मांग रखी। लेकिन समाजवादी पार्टी के साथ बातचीत के बाद उन्हें 20 सीटें मिलने की उम्मीद है। वहीं, बंगाल के नेताओं ने कहा कि हमें 6 सीटों की मांग करनी चाहिए। साथ ही टीएमसी से कम से कम 4 सीटों पर बातचीत करनी चाहिए।

### आगामी यात्रा की तैयारियों पर भी जोर

देशभर के वरिष्ठ कांग्रेस नेताओं ने आगामी भारत जोड़ो न्याय यात्रा की तैयारियों पर भी चर्चा की। 14 जनवरी से शुरू होने वाली के रोड मैप को अंतिम रूप दिया गया है। मणिपुर-मुंबई यात्रा अरुणाचल प्रदेश सहित 15 राज्यों के 100 लोकसभा क्षेत्रों से होकर गुजरेगी। पार्टी नेता जयराम रमेश ने कहा कि पार्टी इंडिया गठबंधन के सभी नेताओं को यात्रा में शामिल होने के लिए आमंत्रित कर रही है।

### पीएम मोदी ने 10 साल में नहीं किया कोई बड़ा काम

पार्टी की बैठक राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने बीजेपी और नरेंद्र मोदी सरकार पर जमकर निशाना साधा। खरगे ने कहा कि BJP ने पिछले 10 साल में एक भी ऐसा काम नहीं किया, जिसे माइलस्टोन कहा जा सके। वह यूपीए-कांग्रेस के जमाने की योजनाओं का नाम और रूप बदलने का काम करते रहे हैं। खरगे यहीं नहीं रुके, उन्होंने मोदी सरकार पर हमला बोलते हुए कहा, "पीएम PSU और बड़ी संस्थाओं को बेच रहे हैं।

**कांग्रेस ने राहुल की यात्रा का बदला नाम**

## 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' 14 जनवरी से होगी शुरू

■ 66 दिन, 15 राज्य, 110 जिले, 6700 किमी पैदल यात्रा

**एजेंसी** | नई दिल्ली

कांग्रेस ने गुरुवार को अपनी "भारत न्याय यात्रा' का नाम बदलकर "भारत जोड़ो न्याय यात्रा' रखा है। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने जानकारी देते हुए कहा कि इस मार्च को अब "भारत जोड़ो न्याय यात्रा' कहा जाएगा।

यह यात्रा 14 जनवरी से पूर्वोत्तर भारत से पश्चिमी तट तक शुरू होने वाली है। जयराम रमेश के अनुसार, भारत जोड़ो न्याय यात्रा 14 जनवरी को हिंसा प्रभावित मणिपुर की राजधानी इम्फाल से दोपहर 12 बजे शुरू होगी। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने सोशल मीडिया एक्स पर पोस्ट कर जानकारी दी है। उन्होंने पोस्ट किया, "ये है 14 जनवरी, 2024 को मणिपुर से मुंबई तक शुरू होने जा रही भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की भारत जोड़ो न्याय यात्रा का रूट मैप। राहुल गांधी 66 दिनों में 110 जिलों से गुजरते हुए 6700 किलोमीटर से ज़्यादा की दूरी कवर करेंगे। यह पिछली भारत जोड़ो यात्रा की तरह ही प्रभावशाली और परिवर्तनकारी साबित होगी। बदलेगा भारत, जीतेगा INDIA !"

### कांग्रेस की यात्रा 15 राज्यों को करेगी कवर

कांग्रेस की ओर से जानकारी दी गई कि इस यात्रा में भी राहुल गांधी भारत जोड़ो यात्रा की तरह युवाओं, महिलाओं और हाशिये पर मौजूद लोगों से बातचीत करेंगे। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने कहा कि न्याय यात्रा 6,700 किलोमीटर की दूरी तय करेगी। यह मणिपुर, नागालैंड, असम, अरुणाचल प्रदेश, मेघालय, पश्चिम बंगाल, बिहार, झारखंड, ओडिशा, छत्तीसगढ़, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, राजस्थान, गुजरात और अंत में महाराष्ट्र राज्यों से होकर गुजरेगा। यात्रा 15 राज्यों और 110 जिलों को कवर करेगी।

**जेपी नड्डा ने** राज्य प्रमुखों को दिया आदेश

## देशभर में दैनिक सफाई अभियान चलाएगी भाजपा

**एजेंसी** | नई दिल्ली

इस महीने के अंत में अयोध्या में भव्य राम मंदिर के उद्घाटन को लेकर जनता के साथ-साथ राजनीतिक गलियारे में भी हलचल मची हुई है। चारों तरफ मंदिर के उद्घाटन कार्यक्रम को लेकर उत्साह की भावना है। इस बीच, भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने गुरुवार को सभी राज्य नेताओं को 22 जनवरी को अभिषेक समारोह से पहले 2 से 3 घंटे का दैनिक स्वच्छता अभियान चलाने का निर्देश दिया है। सूत्रों के मुताबिक, पार्टी के शीर्ष नेताओं ने सभी प्रदेश अध्यक्षों को पत्र जारी कर 14 जनवरी से 22 जनवरी को अभिषेक समारोह तक समर्पित स्वच्छता अभियान आयोजित करने और संचालित करने के लिए कहा है।

पार्टी सूत्रों ने कहा कि स्वच्छता पर विशेष जागरूकता अभियान भी चलाया जाना है, जिसमें समाज के सभी वर्गों के लोगों को शामिल किया जाएगा।

### 22 जनवरी को दिवाली के रूप में मनाया जाए

भव्य मंदिर के उद्घाटन के लिए सभी राज्यों में समर्पित स्वच्छता अभियान के अलावा, नड्डा ने अपने राज्य प्रभारियों से यह सुनिश्चित करने के लिए भी कहा है कि 22 जनवरी को दीये (मिट्टी के दीपक) जलाकर दिवाली के रूप में मनाया जाए। इसके अतिरिक्त, पार्टी के राष्ट्रीय नेतृत्व ने 22 जनवरी को राम मंदिर के उद्घाटन से पहले राज्यों में तीर्थ स्थलों पर विशेष स्वच्छता अभियान चलाने का भी आह्वान किया है। पार्टी सूत्रों ने बताया कि मंदिरों और अन्य पूजा स्थलों के आसपास के क्षेत्रों में एक विशेष सफाई अभियान भी चलाया जाएगा, जिसमें कहा गया है कि गतिविधियों में झाड़ू लगाना, प्लास्टिक कूड़े को इकट्ठा करना, कूड़ेदान स्थापित करना और मंदिरों और अन्य पूजा स्थलों की सफाई के लिए चूने और मिट्टी का उपयोग करना शामिल होगा।

## नवंबर 2005 के बाद के कर्मियों को OPS का लाभ

**एजेंसी** | नई दिल्ली

महाराष्ट्र में शिंदे सरकार ने राज्य कर्मियों को लेकर बड़ा फैसला लिया है। गुरुवार को कैबिनेट ने नवंबर 2005 के बाद सेवा में शामिल होने वाले कर्मचारियों को पुरानी पेंशन योजना (ओपीएस) ओपीएस के लिए मंजूरी दे दी। यह फैसला ओपीएस बहाल करने की मांग को लेकर हड़ताल पर जाने के कुछ दिनों बाद आया है जिसकी जानकारी मुख्यमंत्री कार्यालय (सीएमओ) ने दी है। महाराष्ट्र राज्य कर्मचारी परिसंघ के महासचिव विश्वास काटकर ने कहा, 'कैबिनेट के फैसले से उन 26,000 राज्य सरकार के कर्मचारियों को फायदा होगा, जिनका चयन नवंबर 2005 से पहले हुआ था, लेकिन बाद में उन्हें ज्वाइनिंग लेटर मिला।' राज्य कैबिनेट ने इन 26,000 कर्मचारियों को छह महीने के भीतर ओपीएस और नई पेंशन योजना के बीच चयन करने और अगले दो महीनों में संबंधित दस्तावेज अपने विभागों में जमा करने को कहा है। सीएमओ के बयान में कहा गया है कि यह इन कर्मचारियों के लिए एक बार का विकल्प है। लगभग 9.5 लाख सरकारी कर्मचारी हैं जो नवंबर 2005 से पहले सेवा में शामिल हुए थे।

**उत्तर प्रदेश में सबसे अधिक 10 सीटें होंगी खाली**

# नौ केंद्रीय मंत्री सहित राज्यसभा के 68 सांसद इस साल होंगे सेवानिवृत्त

**एजेंसी** | नई दिल्ली

इस साल 9 केंद्रीय मंत्रियों सहित 68 राज्यसभा सदस्य अपना कार्यकाल पूरा करने जा रहे हैं। इसके साथ ही राजनीतिक दलों के नेताओं की नजर संसद के उच्च सदन में 6 साल के कार्यकाल वाले इन पदों पर है। जिन 68 सांसदों का कार्यकाल खत्म हो रहा है उनमें केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव, शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान, पर्यावरण मंत्री भूपेन्द्र यादव और स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मडाविया के नाम हैं। पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह सहित 57 नेता अप्रैल में अपना कार्यकाल पूरा करेंगे। उत्तर प्रदेश में सबसे अधिक 10 सीटें खाली



होंगी, इसके बाद महाराष्ट्र और बिहार 6-6 सीटें, मध्य प्रदेश और पश्चिम बंगाल 5-5 सीटें, कर्नाटक और गुजरात में 4-4 सीटें, ओडिशा, तेलंगाना, केरल और आंध्र प्रदेश 3-3 सीटें, झारखंड और राजस्थान में 2-2 सीटें, उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश, हरियाणा और छत्तीसगढ़ में 1-1 सीटें खाली होंगी।

### जेपी नड्डा, संजय सिंह का कार्यकाल होगा खत्म

दिल्ली में तीन सीटों के लिए चुनाव होंगे। यहां जेल में बंद आप नेता संजय सिंह, नारायण दास गुप्ता और सुशील कुमार गुप्ता 27 जनवरी को अपना कार्यकाल पूरा करेंगे। सिक्किम में एकमात्र राज्यसभा सीट के लिए भी चुनाव कराया जाएगा। सिक्किम डेमोक्रेटिक फ्रंट (एसडीएफ) के सांसद हिशे लाचुंगपा 23 फरवरी को सेवानिवृत्त होंगे। भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा का भी कार्यकाल इसी साल खत्म हो रहा है जो वर्तमान में अपने गृह राज्य हिमाचल प्रदेश से राज्यसभा के सदस्य हैं। सेवानिवृत्त होने वाले सदस्यों में मनमोहन सिंह और भूपेन्द्र यादव (राजस्थान), अश्विनी वैष्णव, बीजद सांसद प्रशांत नंदा और अमर पटनायक (ओडिशा), भाजपा प्रवक्ता अनिल बलूनी (उत्तराखंड), मनसुख मंडाविया और मत्स्य पालन मंत्री परषोत्तम रूपाला और गुजरात से कांग्रेस सांसद अमी याग्निक कांग्रेस और नारणभाई राठवा शामिल हैं। महाराष्ट्र से सेवानिवृत्त होने वाले सदस्यों में विदेश राज्य मंत्री वी मुरलीधरन, एमएसएमई मंत्री नारायण राणे, पूर्व केंद्रीय मंत्री प्रकाश जावड़ेकर, कांग्रेस सदस्य कुमार केतकर, एनसीपी सदस्य वंदना चव्हाण और शिवसेना (यूबीटी) सदस्य अनिल देसाई शामिल हैं। राज्य में एनसीपी और शिवसेना में टूट से बदली सियासी परिस्थितियों के बाद राज्यसभा चुनाव दिलचस्प हो सकते हैं। मध्य प्रदेश से, केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान, सूचना और प्रसारण राज्य मंत्री एल मुरुगन, भाजपा सदस्य अजय प्रताप सिंह और कैलाश सोनी और कांग्रेस सांसद राजमणि पटेल संसद के उच्च सदन से सेवानिवृत्त हो रहे हैं।

### ये सदस्य होंगे रिटायर

कर्नाटक में सेवानिवृत्त होने वाले सदस्यों में भाजपा के राजीव चन्द्रशेखर और कांग्रेस के एल हनुमंथैया, जी सी चन्द्रशेखर और सैयद नासिर हुसैन हैं। बीआरएस के सेवानिवृत्त होने वाले सांसदों में जोगिनीपल्ली संतोष कुमार, रविचंद्र वद्दीराजू और बी लिंगैया यादव हैं। पश्चिम बंगाल से तृणमूल कांग्रेस के सदस्य अबीर रंजन विश्वास, सुभाशीष चक्रवर्ती, मोहम्मद नदीमुल हक और शांतनु सेन और कांग्रेस सदस्य अभिषेक मनु सिंघवी संसद के उच्च सदन से सेवानिवृत्त हो रहे हैं। बिहार में राजद सदस्य मनोज कुमार झा और अहमद अशफाक करीम, जदयू सदस्य अनिल प्रसाद हेगड़े और बशिष्ठ नारायण सिंह, भाजपा सदस्य सुशील कुमार मोदी और कांग्रेस सदस्य अखिलेश प्रसाद सिंह राज्यसभा में अपना कार्यकाल पूरा कर रहे हैं। भाजपा सदस्य अनिल अग्रवाल, अशोक बाजपेयी, अनिल जैन, कांता कर्दम, सकलदीप राजभर, जीवीएल नरसिम्हा राव, विजय पाल सिंह तोमर, सुधांशु त्रिवेदी और हरनाथ सिंह यादव और उत्तर प्रदेश से समाजवादी पार्टी सदस्य जया बच्चन सेवानिवृत्त हो रहे हैं। आंध्र प्रदेश से टीडीपी सांसद रवींद्र कुमार, भाजपा सांसद सी एम रमेश और वाईएसआरसीपी सांसद प्रभाकर रेड्डी वेमिरेड्डी राज्यसभा से सेवानिवृत्त हो रहे हैं।

### चार मनोनीत सांसदों का कार्यकाल भी पूरा

चार मनोनीत सदस्य भी जुलाई में सेवानिवृत्त होंगे। सेवानिवृत्त होने वाले मनोनीत सदस्यों में भाजपा के महेश जेठमलानी, सोनल मानसिंह, राम शकल और राकेश सिन्हा शामिल हैं।

## जरूरी खबर

### भारत-नेपाल के बीच कई समझौतों पर हस्ताक्षर



**नई दिल्ली।** विदेश मंत्री एस जयशंकर ने गुरुवार को अपने नेपाली समकक्ष एनपी सऊद के साथ समग्र व सार्थक बैठक की और समग्र द्विपक्षीय संबंधों, व्यापार, संपर्क परियोजनाओं और रक्षा एवं सुरक्षा में सहयोग समेत अन्य मुद्दों पर चर्चा की। जयशंकर ने एक पोस्ट में कहा, हमारे समग्र द्विपक्षीय संबंधों, व्यापार और आर्थिक संबंधों, भूमि, रेल एवं हवाई संपर्क परियोजनाओं, रक्षा एवं सुरक्षा, कृषि, बिजली, जल संसाधन, आपदा प्रबंधन, पर्यटन, नागर विमानन, लोगों के बीच आपसी संपर्क और सांस्कृतिक आदान-प्रदान व विकास साझेदारी पर चर्चा हुई।

### बनिहाल और खारी के बीच ट्रायल सफल

**श्रीनगर।** भारतीय रेलवे ने आज बनिहाल से खारी रेलवे स्टेशन तक नवनिर्मित रेलवे ट्रैक पर ट्रेन का सफल ट्रायल किया। यह ट्रायल रन रामबन में बनिहाल और खारी स्टेशनों के बीच 16 किमी लंबे ट्रैक और सुरंगों पर हुआ। बता दें कि बनिहाल और खारी स्टेशनों के बीच 25 केवी रेलवे विद्युतीकरण (आरओसीएस) का काम भी पूरा हो चुका है। इस रूट पर सीधी ट्रेन सेवा शुरू होने के बाद श्रीनगर और जम्मू के बीच की दूरी सात घंटे की जगह 3.5 घंटे में तय की जा सकेगी। जिससे यात्रियों को काफी राहत मिलेगी।

### महुआ मोइत्रा का यू-टर्न, याचिका वापस ली



**नई दिल्ली।** तृणमूल कांग्रेस नेता महुआ मोइत्रा ने दिल्ली हाई कोर्ट में घर खाली कराने के फैसले के खिलाफ दायर अपनी याचिका वापस ले ली है। मोइत्रा ने याचिका में दिल्ली में सांसद के तौर पर केंद्र सरकार द्वारा आवंटित बंगला खाली करने के आदेश को चुनौती दी थी। महुआ मोइत्रा का कहना है कि वह लोकसभा चुनाव 2024 तक आवास में रहने की अनुमति देने के लिए संपदा निदेशक से संपर्क करेंगी। लोकसभा से निष्कासित की गईं तृणमूल कांग्रेस नेता महुआ मोइत्रा ने सरकारी आवास का आवंटन रद्द करने और उन्हें 7 जनवरी, 2024 तक घर खाली करने के करने के आदेश को चुनौती देते हुए दिल्ली हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया था।

## पीएम मोदी ने लक्षद्वीप में की स्नॉर्कलिंग...





*नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लक्षद्वीप दौरे की दिलचस्प तस्वीरें शेयर की हैं। पीएम ने स्नॉर्कलिंग की फोटो शेयर करते हुए कहा कि जो लोग एडवेंचर करना चाहते हैं, उनकी लिस्ट में लक्षद्वीप होना चाहिए। मैंने स्नॉर्कलिंग का प्रयास किया। यह आनंददायक अनुभव था। पीएम मोदी ने समुद्र किनारे सैर की तस्वीरें भी शेयर की हैं। फोटो में पीएम कुर्सी पर बैठे समुद्र का नजारा देखते नजर आ रहे हैं। पीएम मोदी ने दौरे की फोटो शेयर करते हुए लिखा कि लक्षद्वीप सिर्फ द्वीपों का एक समूह नहीं है, यह परंपराओं की एक विरासत है और इसके लोगों की भावना का एक प्रमाण है। मेरी यात्रा सीखने और बढ़ने की एक समृद्ध यात्रा रही है। मैं अभी भी इसके द्वीपों की अद्भुत सुंदरता और यहां के लोगों की अविश्वसनीय गर्मजोशी से आश्चर्यचकित हूं।*

### पीएम मोदी से मिले मिजोरम के मुख्यमंत्री



**नई दिल्ली।** मिजोरम के मुख्यमंत्री लालदुहोमा ने गुरुवार को नई दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और विदेश मंत्री एस जयशंकर से मुलाकात की। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ मुलाकात के बाद लालदुहोमा ने कहा, मिजोरम की प्रगति और विकास के लिए सहयोग को और मजबूत करने से खुशी हुई। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री के साथ उनकी बैठक सार्थक रही। इससे पहले बुधवार को मिजोरम के पूर्व बैचमेट और मुख्यमंत्री लालदुहोमा और विदेश मंत्री एस जयशंकर ने दिल्ली में मुलाकात की। विदेश मंत्री जयशंकर ने लालदुहोमा से मुलाकात के बाद कहा, मिजोरम के मुख्यमंत्री लालडुहोमा से मिलकर बहुत खुशी हुई। हमने एक ही समय में सरकारी सेवा शुरू की और एक साथ प्रशिक्षण लिया था।

## कड़ाके की ठंड से कांपा उत्तर भारत

# दिल्ली में टूटा 11 साल का रिकॉर्ड शीतलहर से दिनभर ठिठुरे लोग

■ अगले 2-3 दिन राहत मिलने की संभावना नहीं

■ पंजाब, हरियाणा और राजस्थान में शीत लहर की चेतावनी

**एजेंसी** | नई दिल्ली

दिल्ली समेत पूरे उत्तर भारत में कड़ाके की ठंड पड़ रही है। उत्तर-पश्चिम दिशाओं से चल रही बर्फीली हवाओं के बीच हाड़ कंपाने वाली ठंड ने गुरुवार को लोगों को दिनभर ठिठुराया। आईएमडी के अनुसार अगले 2-3 दिनों में देश की कई हिस्सों में घना कोहरा और कड़ाके की ठंड पड़ने की संभावना है। इसके अलावा आईएमडी ने देश के कुछ हिस्सों में बारिश होने की भी संभावना जताई है।मौसम विभाग के अनुसार दिल्ली और उसके आसपास के इलाकों में अगले दो दिनों में कड़ाके की ठंड पड़ने के आसार हैं।

हरियाणा, चंडीगढ़, उत्तर प्रदेश और राजस्थान के कुछ हिस्सों में 4 से 5 जनवरी तक तेज ठंड पड़ सकती है। इसके बाद यहां धीरे-धीरे ठंड कम होने की संभावना है।

आईएमडी के अनुसार पंजाब, हरियाणा और राजस्थान के अलग-अलग जगहों पर 5 और 6 जनवरी को शीत लहर चलने की संभावना है। तमिलनाडु में 4 से 8 जनवरी के दौरान भारी बारिश हो सकती है।

केरल में 4 से 6 जनवरी के दौरान और कर्नाटक में 4 और 5 जनवरी को भारी बारिश के आसार हैं। इधर करीब 11 साल बाद दिल्ली का अधिकतम तापमान गिरकर 12 डिग्री तक दर्ज किया गया, जो सामान्य से सात डिग्री कम है। आने वाले दिनों में हवाओं के रुख में बदलाव से राहत की उम्मीद है। संभावना है कि अधिकतम में बढ़त हो सकती है। आठ जनवरी से हल्की बारिश या बूंदाबांदी की संभावनाएं बन रही हैं। बारिश के बाद तापमान में कुछ सुधार हो सकता है। इससे अधिकतम और न्यूनतम तापमान में बढ़त होगी।



### आठ जनवरी को बारिश की संभावना

मौसम विभाग के मुताबिक दिल्ली में आठ और नौ जनवरी को हल्की बारिश या बूंदा बांदी की संभावनाएं हैं। मौसमी दशाओं में बदलाव के कारण बारिश से तापमान में बढ़त हो सकती है। संभावना है कि 10 जनवरी तक दिल्ली के अधिकतम तापमान में पांच डिग्री तक की बढ़त हो सकती है और पारा 17 डिग्री तक पहुंच सकता है। विभाग का मानना है कि बारिश के कारण मौसम में बदलाव हो सकता है। इससे आसमान साफ होगा जिससे स्थिति में सुधार हो सकता है।

### घने कोहरे को लेकर अलर्ट जारी

घने कोहरे के कारण कई राज्यों में ट्रेन और हवाई यातायात प्रभावित हो रहा है। 5 जनवरी को मध्य प्रदेश के कुछ हिस्सों में सुबह कुछ घंटों तक घना कोहरा छाए रहने की संभावना है। इसके अलावा देश के कई हिस्सों में घने कोहरे को लेकर अलर्ट भी जारी किया गया है। अगले दो दिनों के लिए जम्मू कश्मीर, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड में कोहरे को लेकर चेतावनी जारी की गई है। 7 और 8 जनवरी के बाद से कोहरा कम होने लगेगा। इसके अलावा उत्तर प्रदेश, राजस्थान के कुछ इलाके, हरियाणा और पंजाब में शीतलहर की चेतावनी जारी की गई है।

### दिल्ली का न्यूनतम तापमान 7।7 डिग्री

प्रादेशिक मौसम विज्ञान केंद्र, नई दिल्ली के मुताबिक गुरुवार को दिल्ली का अधिकतम तापमान 12।5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया जो सामान्य से सात डिग्री कम है। वहीं न्यूनतम तापमान 7।7 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया जो सामान्य से एक डिग्री अधिक है। इससे पहले दिल्ली का अधिकतम तापमान सात जनवरी 2013 को सबसे कम 12 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था। बृहस्पतिवार को उत्तर-पश्चिम दिशाएं से ठंडी हवाएं चली। आसमान में बादल छाए रहने के कारण धूप के दर्शन नहीं हुए जिस कारण दिन भर गलन जैसी स्थिति रही। मौसम विभाग ने गुरुवार के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया। यह सीजन का पहला सीवियर कोल्ड डे रहा। इस दौरान जाफरपुर कला दिल्ली का सबसे ठंडा इलाका रहा। यहां का अधिकतम तापमान 10।5 डिग्री दर्ज किया गया। शुक्रवार को हवाओं का रुख बदलकर पूर्व व उत्तर-पूर्व होने की संभावना है।

## कलकत्ता हाईकोर्ट की टिप्पणी का विरोध

# बंगाल सरकार ने उच्चतम न्यायालय में दाखिल की याचिका

**एजेंसी** | नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को नाबालिग लड़की के यौन उत्पीड़न को लेकर कलकत्ता हाईकोर्ट के फैसले पर एक बार फिर सुनवाई की। इस दौरान पश्चिम बंगाल सरकार ने सुप्रीम कोर्ट को बताया कि हमने मामले में फैसले के खिलाफ अपील दाखिल कर दी है। अब इस मामले में चीफ जस्टिस तय करेंगे कि मामले की अगली सुनवाई कौन सी बेंच करेगी। बता दें कि कलकत्ता हाईकोर्ट ने अक्टूबर में एक मामले की सुनवाई के दौरान कहा था, नाबालिग लड़कियों को दो मिनट के मजे की जगह अपनी यौन इच्छाओं पर कंट्रोल रखना चाहिए और नाबालिग लड़कों को युवा लड़कियों और महिलाओं और उनकी गरिमा का सम्मान करना चाहिए। इस मामले को सुप्रीम कोर्ट ने स्वतः संज्ञान लिया और सुनवाई शुरू की। दिसंबर में सुप्रीम कोर्ट ने कहा था कि जजों को अपनी निजी राय व्यक्त नहीं करना चाहिए।



### अब सीजेआई तय करेंगे बेंच

पश्चिम बंगाल सरकार ने बताया कि उसने कलकत्ता हाईकोर्ट के फैसले के खिलाफ अपील दायर कर दी है। जस्टिस अभय एस ओक की अध्यक्षता वाली बेंच ने मामले को मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ के पास भेजते हुए कहा, अब सीजेआई तय करेंगे कि मामले की अगली सुनवाई कौन सी बेंच करेगी।

## पश्चिम रेलवे मुख्यालय भवन के निर्माण के 125 वर्ष पूरे



*मुंबई। मुंबई में चर्चगेट स्थित पश्चिम रेलवे मुख्यालय भवन के निर्माण को 125 वर्ष पूरे हो गए हैं। इस मौके पर मुख्यालय भवन को रंग बिरंगी रोशनी से सजाया गया है।*

## कार्यकारी समिति की बैठक 16 जनवरी को

# भारतीय कुश्ती महासंघ के निलंबन को कोर्ट में चुनौती देंगे संजय सिंह

■ नेशनल चैंपियनशिप को लेकर निलंबित पैनल और तदर्थ समिति आमने-सामने

**एजेंसी** | नई दिल्ली

भारत में कुश्ती विवाद खत्म होता नहीं दिख रहा है। रेसलिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया का निलंबित पैनल और तदर्थ समिति आमने-सामने आ गई है। दोनों ही नेशनल चैंपियनशिप का आयोजन कराना चाहते हैं। यह खिलाड़ियों के लिए असमंजस की स्थिति है।

इसके साथ ही संजय सिंह ने पीटीआई से कहा कि वह खेल मंत्रालय के WFI के निलंबन के फैसले को कोर्ट में चुनौती देंगे। 16 जनवरी को कार्यकारी समिति की बैठक होने वाली है जिसमें पैनल आगे की रणनीति को लेकर चर्चा करेंगे। वहीं इस बैठक में एजग्रुप के नैशनल्स को लेकर चर्चा की जाएगी। तदर्थ पैनल पहले ही घोषणा कर चुका है कि वह तीन फरवरी से जयपुर में सीनियर राष्ट्रीय चैम्पियनशिप और अगले छह हफ्तों के अंदर ग्वालियर में आयु ग्रुप की चैम्पियनशिप का आयोजन करेगा। गौरतलब है कि सरकार ने राष्ट्रीय खेल संहिता और डब्ल्यूएफआई संविधान के उल्लंघन का हवाला देते हुए 24 दिसंबर को नवनिर्वाचित संस्था को महासंघ के चुनाव के तीन दिन बाद निलंबित कर दिया था। डब्ल्यूएफआई कह चुका है कि वह न तो निलंबन को स्वीकार करता है और न ही कुश्ती का कामकाज देखने के लिए भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) द्वारा गठित तदर्थ पैनल को मान्यता देता है।



### लोकतांत्रिक तरीके से हुआ चुनाव

डब्ल्यूएफआई के अध्यक्ष संजय सिंह ने कहा, "हमें सुचारू रूप से काम करने वाले महासंघ की जरूरत है। हम इस मामले को अगले हफ्ते अदालत में ले जा रहे हैं। हमें यह निलंबन स्वीकार्य नहीं है क्योंकि हमारा चुनाव लोकतांत्रिक तरीके से हुआ था। हमने 16 जनवरी को कार्यकारी समिति की बैठक भी बुलाई है।' वाराणसी के संजय सिंह ने बताया कि तदर्थ पैनल मुश्किल की घड़ी में काम करने के लिए किस तरह ठीक नहीं था। पांच वजन वर्गों में प्रतिनिधित्व ही नहीं था। उचित महासंघ के बिना ऐसा ही होगा। अगर कुछ पहलवान अपने संबंधित वर्ग में उपलब्ध नहीं थे तो उनकी जगह किसी अन्य खिलाड़ी को क्यों नहीं लिया गया? " संजय सिंह ने कहा, "जब महासंघ काम कर रहा था तो कभी भी किसी भी टूर्नामिंट में ऐसा कोई भी वजन वर्ग नहीं रहा जिसमें भारत ने प्रतिनिधित्व नहीं किया हो। और एशियाई खेलों में हिस्सा लेने वाली उसी टीम को चुनने के पीछे का औचित्य क्या था।

### किसी नियम का नहीं किया उल्लंघन

खेल मंत्रालय ने डब्ल्यूएफआई की 21 दिसंबर को आम परिषद की बैठक में महासचिव की अनुपस्थिति पर आपत्ति व्यक्त की थी। संजय सिंह ने कहा कि उसने किसी भी नियम का उल्लघंन नहीं किया है और संविधान के अनुसार अध्यक्ष के पास फैसले लेने का अधिकार है और महासचिव उसके इन फैसलों को लागू करने के लिए बाध्य होगा। उन्होंने कहा, "मुझे उन पहलवानों के फोन आ रहे हैं, जिन्हें लगा था कि वे भारतीय टीम में जगह बनाने के काबिल थे। उन्होंने कहा कि अगर उन्हें ट्राइल्स के जरिये साबित करने का मौका दिया जाता तो वे टीम में जगह बना सकते थे। इसलिये आपको एक सुचारू रूप से काम करने वाले महासंघ की जरूरत है।"

## रवींद्र मंच पर आगाज द अमेजिंग रंगमंच के नाटक ने खूब गुदगुदाया

# 'कुंवारे अब्बा' का बुढ़ापे में डोला मन ठगे गए, सारा घर लूट ले गई दुल्हन

बेधड़क | जयपुर

शाम का समां है और शुरू होती है हबीब कुंवारे अब्बा उर्फ तोते वाले की नौटंकी, जिसके बारे में पूरा मोहल्ला जानता है, कि कुंवारे अब्बा का मकान कौन सा है। असल में कुंवारे अब्बा नाम क्यों पड़ा, जबकि नाम तो हबीब मियां है। यह कहानी थी रवींद्र मंच पर आगाज द अमेजिंग रंगमंच के खेले गए रोचक नाटक कॉमेडी ड्रामा कुंवारे अब्बा की।



### मास्टरनी से चलाया चक्कर

असल में हबीब सरकारी अध्यापक थे। घर वाले शादी करने के लिए बोलते थे। हबीब ने एक नही सुनी। उसका स्कूल में मास्टरनी से अफेयर था। हबीब का ट्रांसफर गांव के स्कूल में हो जाता है वहां भी अफेयर हो जाता है। उनकी उम्र बढ़ती जाती है। ऐसे में समय बीतता गया और उसके 5 महिलाओं से अफेयर हो गए। दूसरी ओर हबीब को बिना दूल्हा बनाए ही अम्मी-अब्बू अल्लाह को प्यारे हो गए।



### ठगी करने वाली गैंग ने बिछाया जाल

अफेयर के चलते उसकी उम्र 60 वर्ष हो गई और मोहल्ले वालो ने हबीब का नाम 'कुंवारे अब्बा' रख दिया। यह बात एक ठगी करने वाली गैंग को पता चली तो उसने कुंवारे अब्बा को लूटने का प्लान बनाया। लुटेरी लड़की अब्बा को जाल में फंसाती है। लड़की अपने घर वालो को मोबाइल, कपड़े आदि दिलाने के लिए 17 लाख रुपए मांगती है और अब्बा दे देता है। निकाह की बात पक्की होती है और अब्बा की जमा दौलत के राज जानकर लड़की सीक्रेट कमरे में जाती है। उधर, अब्बा मौलाना को बुला लेता है। मौलाना निकाह के लिए लड़की को बुलाने के लिए बोलता है, लेकिन लड़की नहीं मिलती। अब्बा सीक्रेट रूम में जाता है, जहां करोड़ों रुपए, सोना, चांदी रखा हुआ था। वहां सबकुछ गायब होता है। लड़की भी वहां नहीं होती है। नाटक में डॉ. बुलबुल नायक, मनन आसुदानी, करन सोनी, खुशबू आसुदानी, देवांग सैनी, हिमांशू सोनी, राजेशवरी भातरा, जॉर्ज ग्रोवर आदी ने जीवंत अभिनय से कहानी को साकार किया।



## AMPL में हुए रोचक मुकाबले



**बेधड़क. जयपुर।** एएमपीएल में स्पार्कल, रॉयल्स और सनराइजर्स ने अपने-अपने मुकाबले जीतकर जश्न मनाया। भगवान दास मंगल ने बताया कि गुरुवार को खेले गए पहले मैच में बापू नगर स्पार्कल को अग्रवाल फार्म ब्लास्टर्स से वॉक ओवर मिला। दिन के बाकी रोमांचक मुकाबले में देवी नगर रॉयल्स ने टोंक रोड स्टार्स को 5 रनों से हराया। मैच की प्लेयर ऑफ द मैच रॉयल्स की शिल्पी गुप्ता रही। मानसरोवर क्वींस ने निर्माण नगर थंडरस्ट्रिकर्स को 6 रन्स से हराया। मैच की प्लेयर ऑफ द मैच थंडरस्ट्रिकस की रेणुका रहीं। वहीं, दूसरी ओर सुभाष नगर सनराइजर्स ने टोंक रोड स्टार्स को 17 रनों से हराया। मैच की प्लेयर ऑफ द मैच सनराइजर्स की साक्षी मोदी रही।

## स्पाइनलेस कैक्टस लगाएंगे



**बेधड़क. जयपुर।** गौ-पुनर्वास केंद्र हिंगोनिया की 45 हैक्टेयर भूमि पर प्रधान मंत्री कृषि सिंचाई योजना 2.0 जलग्रहण योजना के तहत स्पाइनलेस कैक्टस के प्लांटेशन लगाया जाएगा। साथ ही 5 हैक्टेयर भूमि पर नर्सरी प्लांट स्थापित होंगे। इसके लिए पुनर्वास केंद्र हिंगोनिया की संचालक संस्था श्री कृष्ण बलराम सेवा ट्रस्ट द्वारा पंचायतीराज विभाग भारत व राजस्थान सरकार के द्वारा अनुबंध किया गया। गिरिराज सिंह स्पाइनलेस कैक्टस के बारे में कहा कि स्पाइनलेस कैक्टस को लगाने से बंजर भूमि की उत्पादकता बढ़ जाती है और भूमि हरी-भरी हो जाती है।

## पक्षियों की रक्षा का संकल्प



**बेधड़क. जयपुर।** रेस्क्यू फाउंडेशन के सहयोग से बर्ड रेस्क्यू एंड फर्स्ट एड ट्रेनिंग प्रोग्राम में युवाओं ने पक्षियों की रक्षा का संकल्प लिया। डॉ. सीमा अग्रवाल ने अतिथियों का स्वागत किया। प्रोग्राम में मुख्य अतिथि डॉ. किशोर कुमार मूलरजानी, कंसलटेंट फिजिशियन एंड डायबिटोलॉजिस्ट, प्रो. डिपार्टमेंट ऑफ मेडिसिन महात्मा गांधी हॉस्पिटल एंड मेडिकल कॉलेज जयपुर शामिल हुई। फाउंडेशन के अन्य सदस्य डॉ. महेश विजयवर्गीय बोर्ड मैंबर, डॉ. स्वरूप आनंद सरकार प्रेसिडेंट, डॉ. गौरव चौधरी सेक्रेटरी, संजीव सांखला उपस्थित थे। कार्यक्रम में डॉ. सुनीता माथुर, डॉ. मनीषा माथुर, डॉ. रंजना अग्रवाल आदि ने युवाओं को प्रेरित किया। क्लब की संयोजक डॉ. नीलम बागेश्वरी ने पक्षियों के इलाज के लिए अनुभव व विचार साझा किए। कार्यक्रम का संचालन शीलू ने किया।

## City इवेंट्स

### जन्म शताब्दी संदेश यात्रा रवाना



**बेधड़क, जयपुर।** श्री क्षत्रिय युवक संघ के संस्थापक तनसिंह की जन्म शताब्दी संदेश यात्रा को झोटवाड़ा स्थित संघ शक्ति कार्यालय से तिलक लगाकर रवाना किया गया। समारोह 28 जनवरी को जवाहर लाल नेहरू स्टेडियम दिल्ली में आयोजित होगा। इस मौके पर उप-मुख्यमंत्री दिया कुमारी ने कहा कि कर्तव्य निष्ठा को उत्तरदायित्व मानकर जीवन पर्यंत समाज की सेवा में समर्पित तनसिंह देश-प्रदेश का गौरव हैं। ऐसे कर्मशील महापुरुष की पुण्य स्मृति में आयोजित जन्म शताब्दी संदेश यात्रा उनके सिद्धांतों और आदर्शों को जीवन में धारण करने के लिए प्रेरित करेगी। इस अवसर पर श्री क्षत्रिय युवक संघ प्रमुख लक्ष्मण सिंह बेन्याकाबास, श्रीप्रताप फाउंडेशन संयोजक महावीर सिंह सरवड़ी सहित क्षत्रिय युवक संघ के महिला-पुरुष व सेवक मौजूद रहे।

### 'एनिमी ऑफ द पीपुल' का मंचन 9 को

**बेधड़क, जयपुर।** जवाहर कला केन्द्र में कला संसार के तहत 9 जनवरी को नाटक 'एनिमी ऑफ द पीपुल' का मंचन किया जाएगा। हेनरिक इब्सन की कहानी पर आधारित नाटक का निर्देशन युवा नाट्य निर्देशक योगेन्द्र सिंह परमार ने किया है, जबकि नाट्य रूपांतरण नेमीचंद्र जैन का है। कृष्णायन में शाम 6:30 बजे होने वाले मंचन में एक कर्तव्यनिष्ठ नायक और पूंजीवाद का संघर्ष दिखाया जाएगा, जो कई मैसेज भी देगा।

### 'संसार के प्रत्येक कण में प्रभु'



**बेधड़क, जयपुर।** श्रीमद भागवत में जयपुराइट्स ने भाग लिया और भागवत की बातों को जीवन में उतारा। मौका था भागवत मिशन परिवार के बैनर तले गिर्राज संघ परिवार के 25वें वार्षिकोत्सव पर विद्याधर नगर सेक्टर-7 अग्रसेन अस्पताल के पीछे चल रहे श्रीमद भागवत कथा ज्ञानयज्ञ का। इस मौके पर आचार्य गोस्वामी मृदुल कृष्ण महाराज ने कहा कि भागवत कथा श्रवण करने मात्र से व्यक्ति की भगवान में तन्मयता हो जाती है। धर्म जगत में जितने भी योग, यज्ञ, तप, अनुष्ठान आदि किए जाते हैं उन सबका एक ही लक्ष्य हमारी भक्ति भगवान में लगी रहे और मैं अहर्निश प्रतिक्षण प्रभु प्रेम में ही समाया रहूं होता है। संसार के प्रत्येक कण में प्रभु का ही दर्शन हो। इस दौरान भागवत का ज्ञान लेने के लिए राजनीतिक गलियारों से भी लोग आए।

## 14 फरवरी को आयोजित होगा अग्र परिणय उत्सव

# अग्रवाल समाज के जोड़ों का 51 हजार रु. में कराएंगे विवाह



बेधड़क | जयपुर-बारां

अग्रवाल समाज में आयोजित होने वाले खर्चीले विवाह पर चिंता जाहिर की गई। इस समस्या के निदान के लिए नई पहल अग्र परिणय उत्सव की घोषणा की गई।

बारां में अस्पताल रोड स्थित अग्रवाल धर्मशाला पर अग्रसेन यूनिटी ग्रुप सेवा संस्थान की बैठक श्री वैष्णव अग्रवाल पंचायत के संरक्षण में अग्रवाल समाज के सदस्यों के सानिध्य में हुई। ग्रुप अध्यक्ष सुनील अग्रवाल, संस्थापक रितेश गोयल, सचिव पीयूष मंगल व कोषाध्यक्ष पीयूष बंसल ने बताया कि 51000 रुपए में अग्रवाल समाज के जोड़ों का विवाह कराया जाएगा। समिति द्वारा 200 मेहमानों के लिए चाय-नाश्ता व भोजन की व्यवस्था होगी। 14 फरवरी को अग्र परिणय उत्सव होगा। वहीं, विवाह से सम्बंधित रस्में व उपहार सामग्री की व्यवस्था समिति करेगी।

ग्रुप उपाध्यक्ष विकास गुप्ता व सक्रिय सदस्य विशाल अग्रवाल ने बताया कि बैठक में श्री वैष्णव अग्रवाल पंचायत अध्यक्ष सत्यनारायण गर्ग, महामंत्री पदम अग्रवाल, महिला जाग्रति संगठन अध्यक्ष मंजू गोयल, जिला अग्रवाल सम्मेलन की अध्यक्ष मंजू आनन्द गर्ग, शशि गर्ग, बबीता गर्ग, दिनेश बंसल, आनन्द बंसल, अशोक करोलिया, अशोक गर्ग सर्राफ, सतीश अग्रवाल, अशोक बंसल व समाज बंधुओं ने आयोजन में सहयोग करने का आश्वासन दिया।

## राज्यपाल 10 को दिखाएंगे हरी झंडी

# रामलला उत्सव की रसोई में भेंट होंगे 2100 तेल के पीपे



बेधड़क | जयपुर

अयोध्या में रामलला उत्सव में आने वाले भक्तों के लिए जयपुर से 2100 तेल के पीपे भेंट किए जाएंगे, जिसे प्रदेश के राज्पाल 10 जनवरी को हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे।

खाद्य तेल राम जन्म भूमि मंदिर प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव के साक्षी बनने वाले भक्तों के लिए 2 माह तक चलने वाली राम रसोई में भेंट होंगे। अन्न क्षेत्रों के संचालन के लिए राम मंदिर ट्रस्ट के आदेश पर धर्म यात्रा महासंघ और विहिप के तत्वावधान में ये पीपे भेंट होंगे। इसके लिए कैट के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष गोकुल माहेश्वरी, धर्मयात्रा महासंघ के संरक्षक सुरेश पाटोदिया, महामंत्री शंकर झालानी व अन्य पदाधिकारियों ने राज्यपाल से मुलाकात कर उनको आमंत्रित किया।

सुरेश पाटोदिया ने बताया कि जयपुर के धर्मानुरागी भक्तों को राम मंदिर आने वाले श्रद्धालुओं की भोजन प्रसादी सेवा में योगदान देने और राम-काज में निम्मित बनने का अवसर मिला है। भक्तों के सहयोग से एकत्रित तेल के पीपे बुधवार को श्री गंगामाता मंदिर चांदपोल बाजार जयपुर से पूजा-अर्चना के बाद श्रीराम रथ के नेतृत्व में झांकियों के रूप में महानगर के साधु-संत, महंत और धर्माचार्यों के सानिध्य में जाएंगे। इस दौरान प्रदेश के राजनेताओं और हजारों भक्तों की उपस्थिति में शोभायात्रा को राज्यपाल हरी झंडी दिखाएंगे।

**डेजर्ट सोल्स** | राजस्थान फोरम की सीरीज में डॉ. रेखा ठाकर ने साझा की जर्नी

# पैदा होने से पहले ही तय था, मुझे कथक डांसर बनाएंगे

बेधड़क | जयपुर

मेरे पिता की इच्छा थी कि लड़की होगी तो उसे कथक सिखाएंगे। ऐसे में गुरु बाबूलाल पाटनी से भाव और लय के साथ अनुशासन में रहना सीखा। वहीं, पंडित गिरधारी महाराज से रियाज और घंटों तैयारी करने की बारीकियां सीखीं तो गुरु गौरी शंकर ने कला में सात्विक हो जाना सिखाया। यह कहानी थी जानी-मानी कथक नृत्यांगना डॉ. रेखा ठाकर की, जो उन्होंने राजस्थान फोरम की डेजर्ट सोल्स सीरीज में साझा की। कथक नृत्यांगना मनीषा गुलयानी ने रोचक सवालों से ठाकर की 40 वर्ष से अधिक की कथक नृत्य साधना और शिक्षण-प्रशिक्षण यात्रा में आए पड़ावों और इस क्षेत्र में किए कार्यों को जाना।



### पेरेंट्स और पत्रकारिता का रहा सहयोग

उन्होंने कहा कि कि गुरुओं के साथ-साथ माता-पिता का आशीर्वाद और पत्रकारिता का भी सहयोग रहा। कथक ने मेरे जीवन को सुर और लय में साध रखा है। उन्होंने बताया कि कलाकार को एक कड़ी तपस्या से गुजरना होता है। सबकुछ भूलकर कला में डूबना, घंटों रियाज करना जरूरी है।

### मेरे लिए मेरे शिष्य ही मेरी प्रेरणा

आजकल कला से जुड़ने के साथ-साथ बच्चों को और भी बहुत कुछ करना होता है। ऐसे में वे कला को ज्यादा समय नहीं दे पाते हैं और ना ही उतनी मेहनत होती है। हालांकि, मेरे लिए मेरे शिष्य ही मेरी प्रेरणा हैं। यही उद्देश्य रहता है कि कैसे उनके भीतर की कला को पूरी तरह से बाहर ला पाऊं।

### कलाकारों का अभिनंदन

प्रोग्राम में राजस्थान फोरम की सदस्य डॉ. मधु भट्ट तैलंग ने कार्यक्रम में आए अतिथियों और कलाकारों का अभिनंदन किया। टॉक शो में मौजूद फोरम के सदस्य पद्मश्री रामकिशोर छीपा, पद्मश्री तिलक गीतई, पद्मश्री मुन्ना मास्टर और डॉ. मधु भट्ट तैलंग ने रेखा ठाकर व मनीषा गुलयानी को स्मृति चिन्ह भेंट किए गए। इस मौके पर राजस्थान फोरम के सदस्य पद्मश्री तिलक गीतई, राम किशोर छीपा, मुन्ना मास्टर और सांस्कृतिक समन्वयक सर्वेश भट्ट सहित शहर के चुनिंदा संस्कृति प्रेमी मौजूद थे।

पोस्टल रजि. नं. : जयपुर सिटी/006/2023-25

न्यूज़ बेधड़क

सच बेधड़क
जयपुर, शुक्रवार, 05 जनवरी, 2024





अच्छे शब्दों के प्रयोग से बुरे लोगों का भी दिल जीता जा सकता है।

**विनायक शर्मा,** फाउंडर एंड एडिटर इन चीफ, सच बेधड़क मीडिया ग्रुप

## रूस और यूक्रेन के बीच कैदियों की अदला-बदली



*कीव। रूस और यूक्रेन के बीच 23 महीने से जारी जंग के बीच कैदियों की अदला-बदली हुई। यह प्रिजनर एक्सचेंज यूएई के अफसरों की मध्यस्थता और निगरानी में हुआ। रूस ने यूक्रेन के 230 नागरिकों को छोड़ा, जबकि यूक्रेन ने रूस के 248 कैदियों को रिहा किया।*

### घटना का सीसीटीवी वीडियो हुआ वायरल

# सजा सुनाते ही महिला जज के ऊपर कूदा क्रिमिनल



**एजेंसी** | लास वेगास

अमेरिकी राज्य नेवादा के लास वेगास शहर की एक अदालत में उस वक्त अफरा-तफरी मच गई, जब किसी मामले की सुनवाई कर रही महिला जज पर एक आरोपी ने कूदकर हमला बोल दिया। सीसीटीवी वीडियो में दिख रहा है कि जब महिला जज ने आरोपी के खिलाफ फैसला सुनाना शुरू किया तो वह तेजी से दौड़ता हुआ आया और महिला जज की टेबल पर छलांग लगाते हुए उन्हीं पर गिर पड़ा। इस हमले में जज को मामूली चोट पहुंची है, जबकि उनकी रक्षा करने वाला गार्ड गंभीर रूप से घायल हो गया है। उसके सिर में चोट लगी है, जिससे खून बहने लगा था। गार्ड को कंधे में भी चोट पहुंची है। उसे इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जज ने घटना के बाद आरोपी को कंट्रोल करने वाले सभी लोगों की वीरता की सराहना की। उन्होंने यह भी कहा कि अदालत एक सुरक्षित कोर्ट हाउस और कोर्ट रूम के लिए प्रतिबद्ध है। हम अपने सभी प्रोटोकॉल की समीक्षा कर रहे हैं। न्यायपालिका, जनता और हमारे कर्मचारियों की सुरक्षा के लिए जो भी आवश्यक हो वह करें।

### ये था मामला

आरोपी डियोब्रा रेड्डेन लास वेगास का ही रहने वाला है और गुंडागर्दी के एक मामले में आरोपी था। उसी मामले में उसकी पेशी थी, जिस पर सुनवाई के बाद जज मैरी के होल्थस फैसला सुना रही थीं। जज ने जैसे ही रेड्डेन को दोषी करार दिया और उसे सजा सुनाने लगीं, तभी रेड्डेन दौड़कर आया और उन पर कूदकर हमला बोल दिया। कोर्टरूम के सीसीटीवी फुटेज में साफ तौर पर दिख रहा है कि जैसे ही रेड्डेन जज की तरफ दौड़ा, जज मैरी होल्थस ने खतरा भांप लिया और वह कुर्सी पर से उठकर भागने लगीं, लेकिन तभी रेड्डेन उन पर गिर पड़ा। इस हमले में जज को मामूली चोट पहुंची, जबकि बगल में खड़े जज के गार्ड को गंभीर चोट पहुंची है। सीसीटीवी फुटेज में साफ दिख रहा है कि इसके बाद सुरक्षाकर्मियों ने रेड्डेन को पकड़ लिया और वहीं उसकी धुनाई कर दी। वीडियो में सुरक्षाकर्मियों को ताबड़तोड़ मुक्के मारते हुए देखा जा सकता है। इस हमले के बाद रेड्डेन को गिरफ्तार कर लिया गया और उसे क्लार्क काउंटी डिटेंशन सेंटर में जेल में डाल दिया गया है।

### लेबनान और ईरान में भीषण हमलों के बीच इजराइल की नई धमकी

# जहां मौका लगेगा, मारेंगे

**एजेंसी** | तेल अवीव

गाजा पट्टी पर हमास और इजराइल के बीच चल रहा युद्ध अब दूसरे देशों तक फैल रहा है। इजराइल ने इसी सप्ताह लेबनान के अंदर घुसकर एक ड्रोन अटैक में हमास के डिप्टी चीफ सालेह अल-अरूरी को मार गिराया था। यही नहीं बुधवार को तो ईरान में पूर्व जनरल कासिम सुलेमानी की कब्र पर दो बम धमाके हो गए। इस धमाके में 103 लोग मारे गए हैं, जबकि बड़ी संख्या में लोग जख्मी हुए हैं। इस बीच इजराइल के खुफिया प्रमुख का कहना है कि हम जहां भी मौका लगेगा, वहां बदला लेंगे और ले भी रहे हैं।

अब तक इजराइल ने इन हमलों को लेकर कुछ नहीं कहा है और न ही जिम्मेदारी ली है, लेकिन मोसाल चीफ डेविड बर्निया का बयान तो इसके ही संकेत देता है। डेविड बर्निया ने कहा कि मोसाद एजेंसी उन हत्यारों को निपटाने के लिए तत्पर है, जिन्होंने 7 अक्टूबर का हमला किया था। उन्होंने कहा कि उस हमले का बदला लेने में हमें समय लगेगा, जैसा म्यूनिख हत्याकांड के बाद हुआ था लेकिन उन लोगों पर हम हाथ जरूर डालेंगे, भले ही वे कहीं भी रहें। हम अपना बदला लेकर रहेंगे।



### अरूरी की हत्या के ठीक एक दिन बाद आया बयान

डेविड बर्निया ने मोसाद के पूर्व चीफ जवि जामिर के अंतिम संस्कार के दौरान ये बातें कहीं। जवि जामिर के नेतृत्व में ही इजराइल ने 1972 में फिलिस्तीन के उग्रवादी समूहों पर हमला बोला था। उनका यह बयान अरूरी की हत्या के ठीक एक दिन बाद आया है। अरूरी की हत्या से लेबनान में सक्रिय उग्रवादी संगठन हिजबुल्लाह भी बिफर गया है। उसने इजराइल से इसका बदला लेने की बात कही है। यही नहीं हिजबुल्लाह ने कहा कि इजराइल का यह हमला लेबनान की संप्रभुता पर भी अटैक है।

### हूती विद्रोहियों को अमेरिका ने दी आखिरी चेतावनी

# ‘जहाजों पर हमले रोक दो वर्ना...’

**एजेंसी** | वाशिंगटन

संयुक्त राज्य अमेरिका के नेतृत्व में बारह देशों ने संयुक्त रूप से यमन के हूती विद्रोहियों को तुरंत समुद्री हमलों को रोकने को कहा है। साथ ही चेतावनी दी है कि अगर वे हमले नहीं रोकेंगे तो फिर गंभीर परिणाम भुगतने को तैयार रहें। दरअसल इन हमलों का ग्लोबल बिजनेस पर बुरा असर पड़ रहा है। अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन के प्रशासन ने बयान को अंतिम चेतावनी बताया है। इसमें ब्रिटेन, जर्मनी और जापान भी शामिल हैं। इन सभी देशों ने कहा है कि अगर हूती नहीं माने तो फिर वे संभावित सैन्य हमलों पर विचार कर रहे हैं। हूती दरअसल ईरान समर्थित विद्रोही हैं, जिनका यमन की राजधानी सना और लाल सागर तट के अधिकांश हिस्से पर नियंत्रण है। हूती अब हमास द्वारा संचालित गाजा पट्टी में फिलिस्तीनियों के साथ एकजुटता दिखाने के लिए कथित तौर पर इजराइल से जुड़े जहाजों पर गोलीबारी कर रहे हैं। व्हाइट हाउस द्वारा जारी संयुक्त बयान में कहा गया कि हमारा संदेश अब स्पष्ट है। हम इन अवैध हमलों को तत्काल समाप्त करने और गैरकानूनी रूप से हिरासत में लिए गए जहाजों और चालक दल की रिहाई का आह्वान करते हैं। ‘अगर हूती विद्रोहियों ने अहम जलमार्गों में कारोबार को खतरे में डाला तो फिर वे इसके परिणामों की जिम्मेदारी खुद उठाएंगे।

## मालदीव की आजादी का सम्मान करे भारत

**एजेंसी** | मालदीव

राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू ने कहा है कि अगर भारत अपनी सेना को नहीं हटाएगा तो यह मालदीव के लोगों की लोकतांत्रिक आजादी का अपमान होगा। यह मालदीव में लोकतंत्र के भविष्य के लिए खतरा होगा। मीडिया हाउस को दिए इंटरव्यू में राष्ट्रपति मुइज्जू ने भारत के साथ रक्षा सहयोग बढ़ाने की इच्छा जताई। मुइज्जू ने भरोसा जताया कि मालदीव से भारत की सैन्य उपस्थिति के मुद्दे को बातचीत के जरिए सुलझाया जा सकता है।

# पाकिस्तान को ISIS से खतरा



**एजेंसी** | इस्लामाबाद

आतंकी संगठन आईएसआईएस पाकिस्तान में अपनी पैठ जमाने की कोशिश कर रहा है। पाकिस्तान के गृह मंत्रालय ने वहां की सीनेट (राज्यसभा) को ये जानकारी दी है। मंत्रालय ने कहा है कि अमेरिका के अफगानिस्तान छोड़ने के बाद वहां की सत्ता आतंकी संगठन तहरीक ए तालिबान पाकिस्तान पर लगाम लगाने में नाकामयाब रही है। तहरीक तालिबान पाकिस्तान TTP अपनी ताकत बढ़ाने के लिए दूसरे आतंकी संगठनों से मदद ले रहा है। बीते कई दिनों से पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा में TTP आतंकवादियों की गतिविधियां काफी बढ़ी हैं। बलूचिस्तान में भी TTP की मौजूदगी है। आतंकी संगठन पूरे देश में अपना नेटवर्क फैला रहा है। नतीजा ये हुआ है कि इससे पाकिस्तान में इस्लामिक स्टेट की मौजूदगी का खतरा बढ़ गया है। ISIS सांप्रदायिक संघर्ष को भड़काने के लिए शियाओं और धार्मिक अल्पसंख्यक समुदायों पर आतंकी हमले कर रहा है।

### मोदी सरकार की चीन ने की तारीफ

# प्रधानमंत्री मोदी का मुरीद हुआ ड्रैगन

**एजेंसी** | बीजिंग

दुनिया में लगातार आगे बढ़ रहे भारत का लोहा मानने वाले देशों की लंबी फेहरिस्त में अब चीन भी शामिल हो गया है। कुछ दिन पहले रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने भी पीएम मोदी की तारीफ की थी।

अकसर भारत से प्रतिस्पर्धा और कई मामलों पर तल्ख राय रखने वाले चीन ने मोदी सरकार की तारीफ की है। चीन के सरकारी अखबार ग्लोबल टाइम्स के लेख में कहा गया है कि भारत वैश्विक कारोबार, संस्कृति, अर्थव्यवस्था और राजनीति के मामले में तेजी से कदम बढ़ा रहा है। उसका दुनिया में कद बढ़ा है। फुदान यूनिवर्सिटी में सेंटर फॉर साउथ एशियन स्टडी के डायरेक्टर झांग जियादोंग ने यह लेख लिखा है। उन्होंने लिखा है, ‘अपने तेज आर्थिक और सामाजिक विकास से भारत का आत्मविश्वास बढ़ा है। वह आज दुनिया में भरोसे के साथ आगे बढ़ रहा है और महत्वपूर्ण हो गया है। उसने पूरी मजबूती के साथ भारत नैरेटिव को आगे बढ़ाया है।’



### विश्व गुरु बनने की चाह

लेखक ने जोर देकर कहा कि यह बदलाव भारत की ऐतिहासिक औपनिवेशिक छाया से बचने और राजनीतिक और सांस्कृतिक रूप से विश्व गुरु के तौर पर काम करने की महत्वाकांक्षा को दर्शाता है। इसके अलावा, लेख में मोदी के नेतृत्व में भारत की विदेश नीति की रणनीति की सराहना की गई, इसमें देश के बहु-संरेखण दृष्टिकोण और अमेरिका, जापान और रूस जैसी प्रमुख वैश्विक शक्तियों के साथ संबंधों को मजबूत करने पर प्रकाश डाला गया।

### भारत के संबंधों को कई देशों ने दिया बढ़ावा

झांग ने लेख में कहा कि ‘जब से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सत्ता संभाली है, उन्होंने अमेरिका, जापान, रूस और अन्य देशों और क्षेत्रीय संगठनों के साथ भारत के संबंधों को बढ़ावा दिया है। भारत ने हमेशा खुद को एक विश्व शक्ति माना है। हालांकि, भारत को बहु-संतुलन से बहु-संरेखण में स्थानांतरित हुए केवल 10 साल से भी कम समय हुआ है, और अब यह बहुध्रुवीय दुनिया में एक ध्रुव बनने की रणनीति की ओर तेजी से बदल रहा है। अंतरराष्ट्रीय संबंधों के इतिहास में इस तरह के बदलाव की गति कम ही देखने को मिलती है।’ अंत में, लेखक ने कहा कि ऐसा प्रतीत होता है कि एक परिवर्तित, मजबूत और अधिक मुखर भारत एक नया भू-राजनीतिक कारक बन गया है जिस पर कई देशों को विचार करने की आवश्यकता है।




सृष्टिविनायक एंटरटेनमेंट मीडिया प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक व प्रकाशक मिताली यादव द्वारा सच बेधड़क दैनिक हिन्दी अखबार, 34/16-ए, शिप्रा पथ, मानसरोवर, जयपुर-302020 (राजस्थान) से प्रकाशित एवं भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, शिवदासपुरा, रेलवे क्रॉसिंग टोंक रोड, जयपुर (राजस्थान) से मुद्रित।
**संपादक:** विनायक शर्मा*, **फोन नं. :** 9664014179 (ऑफिस), **ई-मेल:** news@sachbedhadak.com, **RNI No. :** RAJHIN/2021/82557 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार।

दैनिक हिन्दी अख़बार
सच बेधड़क

"सच बेधड़क" दैनिक हिन्दी अख़बार की प्रति PDF के माध्यम से मुफ़्त प्राप्त करने के लिए इस लिंक पर Click कीजिए

Telegram

https://rb.gy/3bkrnl